हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, गुरुवार, 30 जनवरी 2025 | अंक 108/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




## सीएम योगी: मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये



महाकुंभ में मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ काफी भावुक हो गए और घटना बताते हुए उनकी आंखों से आंसू निकल गए। महाकुंभ में मची भगदड़ पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, "मौनी अमावस्या पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए कल शाम 7 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें 90 से अधिक लोग घायल हो गए और 30 लोगों की मौत हो गई, 36 लोगों का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। यह घटना भीड़ द्वारा अखाड़ा मार्ग की बैरिकेडिंग तोड़ने के कारण हुई।'' सीएम योगी ने मृतकों के परिवारों को 25 -25 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने दुख व्यक्त किया है।



उन्होंने इसे अत्यंत दुखद घटना बताया और हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति मुर्मू ने घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हों।'

**प्रयागराज.**

प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर मंगलवार-बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे भगदड़ मच गई। इस हादसे में अब तक 35-40 लोगों की मौत हो चुकी है ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है। 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों की संख्या भी बढ़ सकती है। इससे पहले मेडिकल कॉलेज में 14 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए थे। फिर मेला 8-10 एंबुलेंस से कुछ और शवों को लाया

### पीएम नरेंद्र मोदी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ की घटना को 'अत्यंत दुखद' करार दिया। पीएम मोदी ने लोगों की मौत पर संवेदना जताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की है और वह लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' मोदी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है।

गया। इन्हें मिलाकर करीब 20 शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। वे उन्हें लेकर चले भी गए हैं। इधर, प्रशासन ने मौत या घायलों की संख्या को लेकर हादसे के 14 घंटे बाद भी कोई जानकारी नहीं दी। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आज सुबह मची भगदड़ पर मेला अधिकारी और डीआईजी कुंभ वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान डिएम मेला विजय किरण आनंद और डीआईजी मेला वैभव कृष्णा ने श्रद्धालुओं की मौत का आधिकारिक आंकड़ा जारी करते हुए बताया कि भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई है, इनमें 25 मृतकों की पहचान कर ली गई हैं। वहीं, 36 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीआईजी ने बताया कि भीड़ की वजह से कुछ बैरिकेड टूट गए। कुछ श्रद्धालु बैरिकेड्स तोड़कर आगे जाना चाहते थे जिससे वहां सोए हुए श्रद्धालुओं पर भीड़ चल पड़ी। हादसे के बाद 90 लोगों को अस्पताल लाया गया। डीआईजी ने बताया कि वहां कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं था। घायलों की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है। बता दें कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से आज सुबह भगदड़ की खबर सामने आई थी। इस हादसे पर पीएम मोदी ने भी दुख जताया था और वह लगातार सीएम योगी के साथ संपर्क में बने हुए थे। भगदड़ की 2 प्रमुख वजहें अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इस कारण संगम पर पहुंचने वाली करोड़ों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई। इससे बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ की अफवाह फैल गई। संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी रास्ते से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए। हादसे के बाद 70 से ज्यादा एम्बुलेंस संगम तट पर पहुंचीं। इनसे घायलों और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद संगम तट पर एनएसजी कमांडो ने मोर्चा संभाल लिया। संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई। भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज से सटे जिलों में श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है। वहां प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। महाकुंभ में आज मौनी अमावस्या का स्नान है, जिसके चलते करीब 9 करोड़ श्रद्धालुओं के शहर में मौजूद होने का अनुमान है। प्रशासन के मुताबिक, संगम समेत 44 घाटों पर आज देर रात तक 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का अनुमान है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि वीआईपी कल्चर और सरकार की बदइंतजामी के कारण भगदड़ मची। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- महाकुंभ को सेना के हवाले कर देना चाहिए।

## महाकुंभ में तीन शंकराचार्यों ने किया अमृत स्नान

> नागा साधुओं ने तलवार लहराई
> श्रद्धालुओं ने पैरों की धूल बटोरी
> हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए



**प्रयागराज.**

महाकुंभ का आज (29 जनवरी) 17 वां दिन है। मौनी अमावस्या पर सबसे पहले तीन शंकराचार्यों ने अमृत स्नान किया। अब साधु-संत छोटे-छोटे ग्रुप में अपने इष्टदेव के साथ सांकेतिक रूप से संगम स्नान कर रहे हैं। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज रथ पर निकले। नागा साधुओं ने तलवार लहराईं। जयकारे लगाते हुए संगम घाट पहुंचे। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने संगम में डुबकी लगाई। हेलिकॉप्टर से संतों और श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई।

इससे पहले तड़के अखाड़ों के साधु-संत अमृत स्नान के लिए निकले थे। इस बीच, भगदड़ के बाद संगम पर हालात बेकाबू हो गए। प्रशासन ने तुरंत अखाड़ों से अपील की- स्नान के लिए न जाएं। साधु-संतों ने बैठक की। पहले तय हुआ कि अखाड़ों के साधु-संत मौनी अमावस्या पर स्नान नहीं करेंगे। हालात पर 3 घंटे में काबू पा लिया गया। सीएम ने अखाड़ों से बात की। संत अमृत स्नान के लिए राजी हो गए। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने बताया, 'हम अपने देवता के साथ सांकेतिक अमृत स्नान करेंगे। कोई बड़ा जुलूस नहीं निकालेंगे।' अब तक 5.71 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई है। वहीं, 28 जनवरी तक 20 करोड़ लोग महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। प्रशासन की कोशिश है कि आसपास के घाटों पर स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं को वापस किया जाए।

## क्या मोदी के पानी में हरियाणा वाले जहर मिला सकते हैं?

**नई दिल्ली.**

दिल्ली में आगामी 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जमकर बयानबाजी हो रही है। हाल ही में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि हरियाणा में भाजपा के लोग पानी में जहर मिला रहे हैं और इसे दिल्ली भेज रहे हैं। केजरीवाल के इस बयान का काफी विरोध देखने को मिला था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अरविंद केजरीवाल पर इस मुद्दे को लेकर बड़ा हमला किया है। आइए जानते हैं कि पीएम मोदी ने यमुना के पानी पर जारी विवाद को लेकर क्या कहा।

दिल्ली के उस्मानपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- "दिल्ली के एक एक्स मुख्यमंत्री ने हरियाणा के लोगों पर

**'यमुना के पानी में जहर वाले बयान पर अरविंद केजरीवाल बुरी तरह घिर गए हैं। अब दिल्ली में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी केजरीवाल पर बड़ा हमला किया है।'**



आरोप लगा दिए। हार के डर से 'आपदा' वाले घबरा गए। क्या हरियाणा के लोग अपने ही परिवार के लोगों के पानी में जहर मिला सकते हैं। मोदी और देश के सभी न्यायाधीश और दुनियाभर के एम्बेसी के लोग भी वही पानी पीते हैं। क्या कोई सोच सकता है कि मोदी के पानी में हरियाणा वाले जहर मिला सकते हैं?

### सिर्फ हरियाणा नहीं पूरे देश का अपमान

पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा- "गलती माफ करना देशवासियों का उदार चरित्र हैं। लेकिन जानबूझकर कोई गलती करे तो देश उसे माफ नहीं करता है। हरियाणा के लोग देशभक्त और धर्मपरायण है। यह सिर्फ हरियाणा का नहीं देश का अपमान है, संस्कृति का अपमान है। ऐसी ओछी बातें करने वालों को दिल्ली सबक सिखाएगी। इन आपदा वालों की लुटिया यमुना में ही डूबेगी।

## पीजी मेडिकल एडमिशन के लिए डोमिसाइल बेस्ड आरक्षण खारिज

**नई दिल्ली.**

एक बड़ा कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आज पीजी मेडिकल प्रवेश के लिए अधिवास-आधारित आरक्षण को असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया। साथ ही इसे समानता के अधिकार का उल्लंघन भी बताया। ऋषिकेश रॉय, सुधांशु धूलिया और एस वी एन भट्टी की तीन जजों की बेंच ने कहा कि प्रवेश पूरी तरह से योग्यता के आधार पर होना चाहिए। हालांकि इसने स्पष्ट किया कि यह फैसला राज्यों द्वारा पहले से दिए गए अधिवास-आधारित आरक्षण को प्रभावित नहीं करेगा।

शीर्ष अदालत ने कहा, "पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में निवास-आधारित आरक्षण स्पष्ट रूप से संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। हम सभी भारत के क्षेत्र में निवास करते हैं। प्रांतीय या राज्य निवास जैसा कुछ नहीं है। केवल एक ही निवास है। हम सभी भारत के निवासी हैं। हमें भारत में कहीं भी निवास चुनने और देश में कहीं भी व्यापार और पेशा करने का अधिकार है। संविधान हमें भारत भर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश चुनने का अधिकार भी देता है।" इसके अलावा, कोर्ट ने कहा कि किसी स्पेशल स्टेट में रहने वाले छात्रों के लिए एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में एक निश्चित सीमा तक आरक्षण की अनुमति हो सकती है, लेकिन पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में इसकी अनुमति नहीं है। तीन-पीठ के फैसले ने स्पष्ट किया कि न्यायालय के फैसले से पहले से दिए गए अधिवास-आधारित आरक्षण पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के महत्व को देखते हुए, निवास के आधार पर उच्च स्तरों में आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा।"

## मैं मंत्री पद से इस्तीफा देने को तैयार: धनंजय मुंडे

**नई दिल्ली.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि बीड सरपंच हत्या मामले में कैबिनेट मिनिस्टर धनंजय मुंडे को 'नैतिकता के आधार' पर मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की जघन्य हत्या को 50 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुंडे के करीबी सहयोगी पर उंगलियां उठने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से राकांपा मंत्री को बर्खास्त नहीं किया गया है। उनके इस बयान पर मुंडे ने कहा कि अगर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़णवीस या उनके डिप्टी सीएम अजीत पवार कहेंगे तो मैं कैबिनेट से इस्तीफा देने को तैयार हूं। बता दें कि धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। धनंजय मुंडे सीएम देवेंद्र फडणवीस की कैबिनेट में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग संभाल रहे हैं।

## स्पेस में इसरो की सेंचुरी

## श्रीहरिकोटा से 100वां रॉकेट लॉन्च

**श्रीहरिकोटा.**



इसरो आज सुबह अपने 100वें मिशन को लॉन्च कर दिया है। इसरो ने मिशन एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट का प्रक्षेपण किया, जो जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश से भेजा गया।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। इसरो ने आज लॉन्च की सेंचुरी लगा दी। आज सुबह ठीक 6 बजकर 23 मिनट पर इसरो श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपना 100वां मिशन लॉन्च किया। इस ऐतिहासिक मिशन के तहत जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट को लॉन्च किया गया, जिसने नेविगेशन सेटेलाइट एनवीएस-02 उपग्रह को सफलतापूर्वक जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित किया। आज से तकरीबन 4 दशक पहले इसरो के वैज्ञानिकों ने वो दौर भी देखा जब रॉकेट के हिस्सों को बैलगाड़ी और साइकिल के पीछे बांधकर मिशन लॉन्च के लिए ले जाया जाता था, लेकिन आज इसरो ने अंतरिक्ष की दुनिया में खुद को स्थापित कर दिया है।

### क्या है इसकी खासियत?

- एनवीएस-02 उपग्रह तकनीकी रूप से अत्याधुनिक है।
- इसका वजन 2,250 किलोग्राम है और यह 3 किलोवाट तक की पावर संभाल सकता है।
- इसमें नेविगेशन के लिए एल1, एल5 और एस बैंड पेलोड शामिल हैं, जो इसकी सेवाओं को और बेहतर बनाएंगे।
- इसके अलावा, यह उपग्रह एल1 फ्रीक्वेंसी बैंड को सपोर्ट करता है, जिससे इसकी विश्वसनीयता में भी वृद्धि होगी।

## सरकार म्हाडा के लिए नई नीति लाएगी: शिंदे

> आम लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराने का प्रयास

**मुंबई.**

आवास मंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि सरकार म्हाडा के लिए नई नीति लाएगी और आम लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी। शिंदे ने कहा कि यह नई नीति किफायती घर, छात्रों और महिला कर्मचारियों के लिए हॉस्टल के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर लाएगी और हम समाज के हर तत्व को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रहे हैं। इसमें हम मिल मजदूरों, पुलिस कर्मियों समेत मुंबई के कैब वालों के बारे में सोच रहे हैं।' एकनाथ शिंदे ने कहा कि महागठबंधन सरकार का रुख है कि आम आदमी को घर मिलना चाहिए.

वे म्हाडा के पुणे मंडल के 3 हजार 662 घरों के कार्यक्रम में बोल रहे थे। बुधवार दोपहर शिंदे और उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ पुणे के पालकमंत्री अजीत पवार ने पुणे मंडल के 3 हजार 362 घरों के लिए लॉटरी



निकाली. आवास एवं उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि लोगों को आज म्हाडा के घर मिलेंगे। पहले आओ पहले पाओ योजना में 2700 मकान दिए गए हैं। 3 हजार 662 मकानों का ड्रा निकाला जा चुका है। इन मकानों के लिए 90 हजार आवेदन मिले थे. 71 हजार ग्राहकों ने इसकी जमा राशि भी चुका दी थी. इससे पता चलता है कि म्हाडा के घरों की मांग कितनी गुना बढ़ रही है। म्हाडा ने पिछले डेढ़ साल में 30 हजार घर मुहैया कराए हैं।

**नागरिकों को मूर्ख नहीं बनना चाहिए**

एकनाथ शिंदे ने कहा, हमने आम लोगों को किफायती घर उपलब्ध कराने का फैसला किया था। आज 6 हजार से ज्यादा लोगों को घर मिलेंगे. 3 हजार 662 मकानों की लॉटरी निकाली गई है। उन्हें भी जल्द ही मकान मिल जायेंगे. कोंकण म्हाडा लॉटरी 5 फरवरी को है। उसमें भी नागरिकों को मकान मिलेंगे। म्हाडा घर खरीदने की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन और पारदर्शी है। एकनाथ शिंदे ने नागरिकों से अपील की कि अगर कोई आपसे कह रहा है कि वे आपको म्हाडा का घर दिलाएंगे तो ऐसे झूठ का शिकार न हों।

### रुके हुए प्रोजेक्ट पूरे होंगे

राज्य सरकार ने विभिन्न सरकारी एजेंसियों के माध्यम से मुंबई में स्लम पुनर्वास योजना की रुकी हुई परियोजनाओं को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। तदनुसार, पहली परियोजना एमएमआरडीए के माध्यम से घाटकोपर रमाबाई अंबेडकर नगर में शुरू की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुणे में रुके हुए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी देने के लिए भी इस तरह का फैसला लिया जाएगा.

## सूडान में प्लेन हादसा, एक भारतीय समेत 18 लोगों की मौत

**युनिटी.**

दक्षिण सूडान में एक विमान हादसे का शिकार हो गया है। इस विमान में यात्रियों और क्रू मेंबर्स समेत 21 लोग सवार थे। प्लेन हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। विमान यूनिटी ऑयलफील्ड एयरपोर्ट से उड़ान भरकर राजधानी जुबा जा रहा था तभी यह हादसा हुआ। यूनिटी राज्य के सूचना मंत्री गटवेच बिपाल ने इस दुर्घटना की पुष्टि की है।

**दो चीनी, एक भारतीय की मौत**

इस विमान में तेल क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी सवार थे जो ग्रेटर पायनियर ऑपरेटिंग कंपनी से जुड़े थे। यह कंपनी चाइना नेशनल पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और नाइल पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के साथ मिलकर काम करती है। मृतकों में दो चीनी नागरिक और एक भारतीय नागरिक भी शामिल हैं।

## भूकंप से फिर दहली उत्तराखंड की धरती

> शहर में 6 दिन से लगातार महसूस किए जा रहे झटके

**उत्तरकाशी.**

पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में आज भी भूकंप के झटकों ने लोगों को दहला दिया है। उत्तरकाशी में फरि भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बुधवार को दोपहर 3 बजकर 28 मिनट पर भूकंप का झटका महसूस किया गया जिसके बाद लोग दहशत में आ गए और आनन फानन में घरों से बाहर निकल आए।

**पर्वत से गिरने लगे पत्थर**

इससे पहले गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को भी भूकंप के झटकों ने लोगों को दहला दिया था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, उत्तरकाशी में गुरुवार को सुबह 8 बजकर 19 मिनट पर भूकंप के झटके लगे थे। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 3.5 दर्ज की गई थी। इससे पहले सुबह 7 बजकर 41 मिनट पर कम तीव्रता का भूकंप आया था। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.7 दर्ज की गई थी।




### किसी बड़े भूकंप के आने का संकेत तो नहीं?

बता दें कि पिछले 7 दिनों में उत्तरकाशी में कई बार भूकंप के झटके आ चुके हैं। उत्तरकाशी क्षेत्र भूकंप के चार व पांच जोन में आता है, जिस कारण यह क्षेत्र भूकंप की नजर से बेहद संवेदशील भी माना जाता है। भूकंप के झटके बार-बार आने से लोग डरे सहमे हैं। जनपद में आ रहे लगातार भूकंप के झटके किसी बड़े भूकंप आने के संकेत तो नहीं। इसके साथ ही, भूकंप से हुए नुकसान की भी पड़ताल की जा रही है।


CMYK

# कम होगी महंगाई की मार

## बजट में मिल सकता है सस्ते गैस सिलेंडर का तोहफा?

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2025 पेश करेंगी। यह उनका 8 वां बजट होगा। सीतारमण के इस बजट पर करदाताओं से लेकर किसान, महिलाएं और उद्योग आदि की नजर टिकी हुई हैं।



बजट में इनके लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार, 2025 में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं होने की उम्मीद है। तेल मंत्रालय ने सरकार से एलपीजी सब्सिडी के लिए 40,000 करोड़ रुपये के आवंटन की मांग की है। जानकारों का मानना है कि सरकार इस मांग को स्वीकार करती है तो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी तेल कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई की जा सकेगी।



इससे घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में राहत मिलने की संभावना है। साल 2025 के पहले दिन 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी की गई थी। आईओसीएल की वेबसाइट पर अपडेट किए गए दाम के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में 1 जनवरी से 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब 1804 रुपये का हो गया है, जो कि बीते 1 दिसंबर को 1818.50 रुपये का था। यानी एक सिलेंडर का दाम 14.50 रुपये घट गया है। दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के अन्य महानगरों में भी इसकी कीमत बदली है।

### तेल कंपनियों के नुकसान की भरपाई की जा सकेगी

❑ कोलकाता में पहली जनवरी से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब 1927 रुपये से घटकर 1911 रुपये हो गई है। यहां एक सिलेंडर की कीमत में 16 रुपये की कटौती की गई थी। इसके साथ ही मुंबई में सिलेंडर के दाम भी 15 रुपये कम हुए हैं और दिसंबर में 1771 रुपये में मिलने वाले कमर्शियल सिलेंडर का दाम घटकर 1756 रुपये का रह गया है। हालांकि ये कीमत समय-समय पर बदलती रहती हैं। इनकी ताजा जानकारी के लिए अपने स्थानीय गैस एजेंसी या आधिकारिक वेबसाइट से संपर्क भी किया जा सकता है।

# म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया इनोवेशन

**नई दिल्ली.**




मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड अपना नया फंड ऑफर लॉन्च कर रही है जिसे मोतीलाल ओसवाल इनोवेंशन ऑपर्च्युनिटीज फंड का नाम दिया गया है. ये ओपन एंडेड फंड 29 जनवरी 2025 से खुला है और निवेशक 12 फरवरी 2025 तक इस एनएफओ में आवेदन कर सकते हैं. मोतीलाल ओसवाल इनोवेंशन ऑपर्च्युनिटीज फंड का मकसद ऐसी कंपनियों में लंबी अवधि के लिए इक्विटी और कंपनियों के इक्विटी से जुड़े इंस्ट्रूमेंट में निवेश करना है जिन्हें इनोवेशन स्ट्रैटजी के अपनाने से जोरदार फायदा होने वाला है या जो इनोवेशन थीम को फॉलो करने वाले हैं. मोतीलाल ओसवाल इनोवेंशन ऑपर्च्युनिटीज फंड को निफ्टी 500 टोटल रिटर्न इंडेक्स के पोर्टफोलियो स्ट्रैटजी के मुकाबले बेंचमार्क किया गया है. ये फंड 35 ऐसी हाई एक्टिव शेयरों में निवेश करेगी.

मोतीलाल ओसवाल इनोवेंशन ऑपर्च्युनिटीज फंड एक दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने वाला फंड है जो अद्वितीय अवसरों की पहचान करता है और बाजार से पहले उभरते रुझानों का लाभ उठाता है. फंड एक बॉटम-अप निवेश रणनीति का उपयोग करता है, जिसमें पोर्टफोलियो को एंटी-फ्रेजाइल के रूप में रखा जाता है, जिसे बाजार की अस्थिरता और डिसरप्शन का सामना करने और संभावित रूप से लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है. ये फंड लगभग 35 उच्च-विश्वास वाले शेयरों के एक केंद्रित पोर्टफोलियो के साथ इनोवेशन द्वारा संचालित ऐसी कंपनियों में निवेश पर केंद्रित है जो बेहतरीन प्रदर्शन करेगी.

# आईटीसी होटल्स के शेयर से लोग निराश

**नई दिल्ली.** आईटीसी से डिमर्जर के बाद अलग हुई होटल कारोबार से जुड़ी कंपनी आईटीसी होटल्स की स्टॉक एक्सचेंज पर निराशाजनक लिस्टिंग हुई है. आईटीसी होटल्स का स्टॉक 188 रुपये पर लिस्ट हुआ जिसके बाद शेयर गिरकर 178.60 रुपये पर आ गया. फिलहाल स्टॉक 4.26 फीसदी की गिरावट के साथ 180 रुपये पर ट्रेड कर रहा है. 6 जनवरी 2025 को आईटीसी से डिमर्जर के बाद आईटीसी होटल्स के शेयर की प्राइस डिस्कवरी के लिए हुए स्पेशल प्री-ओपन ट्रेडिंग सेशन के खत्म होने आईटीसी होटल्स का स्टॉक प्राइस 270 रुपये डिस्कवर हुआ था. बुधवार 29 जनवरी 2025 को आईटीसी होटल्स के स्टॉक की लिस्टिंग हुई. बीएसई पर 188 रुपये और एनएसई पर 180 रुपये के प्राइस पर आईटीसी होटल्स का स्टॉक लिस्ट हुआ.



स्टॉक की लिस्टिंग अपने एमप्लायड प्राइस से नीचे लिस्ट हुआ है. आईटीसी होटल्स के पैरेंट कंपनी आईटीसी से डिमर्जर के बाद जिन निवेशकों के पास आईटीसी के शेयर थे उन्हें 10 आईटीसी शेयरों के एवज में एक आईटीसी होटल्स के शेयर दिए गए हैं. साल 2023 में आईटीसी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में होटल कारोबार के डिमर्जर का फैसला लिया था जिससे आईटीसी के शेयरधारकों के लिए वैल्यू अनलॉक किया जा सके. इस डिमर्जर के तहत 1:10 का रेश्यो यानी 10 आईटीसी शेयर के बदले में शेयरधारकों को एक आईटीसी होटल्स के शेयर दिए गए हैं. 6 जनवरी 2025 को आईटीसी से डिमर्जर के बाद आईटीसी होटल्स के शेयर की प्राइस डिस्कवरी के लिए हुए स्पेशल प्री-ओपन ट्रेडिंग सेशन का आयोजन किया था.

# खुल गया डॉ. अग्रवाल हेल्थकेयर का आईपीओ

**नई दिल्ली.**

शेयर बाजार के सेकेंडरी मार्केट के बिगड़े मूड के बीच प्राइमरी मार्केट में हेल्थकेयर सेक्टर से जुड़ी दिग्गज कंपनी का आईपीओ खुल चुका है. डॉ अग्रवाल हेल्थकेयर आईपीओ के जरिए 3027.26 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है. कंपनी ने 382-402 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड फिक्स किया है. अगले हफ्ते 5 फरवरी को डॉ अग्रवाल हेल्थकेयर के आईपीओ की स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग होगी. आईपीओ 29 जनवरी से खुल चुका है और निवेशक 31 जनवरी 2025 तक आईपीओ में आवेदन कर सकते हैं. 3027.26 करोड़ रुपये आईपीओ का साइज है. आईपीओ में नए शेयर्स जारी करने के साथ ऑफर फॉर सेल के जरिए भी पैसे जुटाये जा रहे हैं. 0.75 करोड़ नए शेयर्स जारी कर 300 करोड़ रुपये जुटाया जा रहा है जबकि 2727.26 करोड़ रुपये ऑफर फॉर सेल के जरिए जुटाया जा रहा है. कंपनी ने 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले शेयर का 382 - 402 रुपये प्रति शेयर आईपीओ का प्राइस बैंड फिक्स किया है.




रिटेल निवेशक को एक लॉट साइज के लिए 14070 रुपये देने होंगे और ज्यादा वे 14 लॉट यानी 490 शेयर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए 196980 करोड़ देने होंगे. 3 फरवरी को अलॉटमेंट तय किया जाएगा. 4 फरवरी को रिफंड जारी कर दिया जाएगा और इसी दिन सफल निवेशकों के डिमैट खाते में शेयर्स ट्रांसफर कर दिए जायेंगे. 5 फरवरी को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग होगी. अभी के हिसाब से 3 फीसदी के उछाल के साथ शेयर 414 रुपये के करीब लिस्ट हो सकता है. कोटक महिंद्रा कैपिटल, मॉर्गन स्टैनली, जेफरीज इंडिया, मोतीलाल ओसवाल इंवेस्टमेंट एडवाइजर्स आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर्स हैं. डॉ अग्रवाल हेल्थकेयर आंखों से जुड़े बीमारियों के इलाज से जुड़ी कंपनी है जिसका देश के कई शहरों में सेंटर्स मौजूद है. 2010 में बनी कंपनी मोतियाबिंद और रीफ्रैक्टिव सर्जरी, कंसलटेशन, नॉन-सर्जिकल ट्रीटमेंट और ऑप्टिकल प्रोडक्ट्स कॉन्टैक्ट लेंस के अलावा आंखों के देखभाल से जुड़ी दवाइयों की बिक्री में शामिल है. 30 सितंबर, 2024 तक, 737 डॉक्टर कंपनी की फैसिलिटी में अपनी सर्विसेज दे रहे हैं. इस अवधि के दौरान, कंपनी ने 2.13 मिलियन मरीजों की सेवा की और 220,523 सर्जरी की है.

# ग्लोबल संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार में शानदार तेजी

**नई दिल्ली.**

बेहतर ग्लोबल संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सेशन में लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ खुला है. बीएसई सेंसेक्स 76000 के आँकड़े को पार करते हुए 350 अंकों की ऊंची छलांग हुए 76257 अँकों पर जा पहुंचा है तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23000 के आंकड़े के पार जा पहुंचा है जिसमें करीब 93 अंकों की तेजी देखी गई. मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स जिसमें सबसे ज्यादा पिटाई देखने को मिली है उसमें आज तेजी देखने को मिल रही है. बाजार में इस तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का उछाल देखने को मिल रहा है. बीएससई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 414 लाख करोड़ के पार जा पहुंचा है. बीएसई पर 2975 शेयरों की ट्रेडिंग हो रही है



जिसमें 2162 शेयर्स तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं. जबकि 699 शेयरों में गिरावट है. 100 स्टॉक्स लोअर सर्किट के साथ और 63 में अपर सर्किट है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 19 शानदार तेजी के साथ और 11 गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है. तेजी वाले शेयरों में इंफोसिस 1.78 फीसदी, जोमैटो 1.66 फीसदी, टीसीएस 1.31 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.29 फीसदी, एचसीएल टेक 1.08 फीसदी, टाटा स्टील 1.05 फीसदी के उछाल के साथ कारोबार कर रहा है. जबकि नेस्ले, एचयूएल, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, आईटीसी, भारती एयरटेल के स्टॉक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं.

# डॉर्फ-केटल केमिकल्स इंडिया ने डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई.** डॉर्फ-केटल केमिकल्स इंडिया लिमिटेड, जो कि हाइड्रोकार्बन और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं में विशेष रसायनों के अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार-केंद्रित वैश्विक निर्माता और आपूर्तिकर्ता हैं, ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। आईपीओ में ₹ अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है, जो कुल ₹500 करोड़ तक है और ₹ अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है, जो ₹500 करोड़ तक हो सकता है। कुल इश्यू में ₹ अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो ₹000 करोड़ तक हो सकते हैं। बिक्री के लिए प्रस्ताव में मेनन फैमिली होल्डिंग्स ट्रस्ट (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा ₹ अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो ₹500 करोड़ तक हो सकते हैं। 1992 में स्थापित डॉर्फ-केटल केमिकल्स इंडिया लिमिटेड भारत में विशेष रसायनों के विकास, व्यावसायीकरण और अनुप्रयोग में प्रमुख उत्पादकों में से एक है। कंपनी दो प्रमुख श्रेणियों में उत्पाद प्रदान करती है- हाइड्रोकार्बन के लिए विशेष रसायन और औद्योगिक विशेष रसायन। हाइड्रोकार्बन श्रेणी में तेल क्षेत्र, रिफाइनरी रसायन और पेट्रोकेमिकल्स, ईंधन योजक और संशोधित एसिड प्रमुख उप-श्रेणियां हैं। औद्योगिक विशेष रसायन श्रेणी में ऑर्गेनोमेटेलिक टाइटेनेट्स, जिरकोनेट, पॉलीविनाइल फॉर्मामाइड (पीवीएफ), ओबीए और स्नेहक योजक प्रमुख उप-श्रेणियां हैं। कंपनी के प्रमुख ग्राहक आधार में रिलायंस इंडस्ट्रीज, पेट्रोनास, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, पीपीजी इंडस्ट्रीज, क्लेरिएंट, लिबर्टी एनर्जी, इटालियाना पेट्रोली और वेदांता जैसी कंपनियां शामिल हैं। कंपनी ने 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छह महीनों में 1,322 ग्राहकों को सेवाएं दी हैं। एफएंडएस रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में, कंपनी को तेल क्षेत्र, रिफाइनरी रसायन और पेट्रोकेमिकल्स, और ईंधन योजक में भारत और ब्राजील में राजस्व बाजार हिस्सेदारी के आधार पर पहला स्थान मिला। इसके अलावा, संशोधित एसिड, ऑर्गेनोमेटेलिक टाइटेनेट्स और जिरकोनेट, और पीवीएफ में वैश्विक स्तर पर कंपनी को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। कंपनी ईंधन योजक में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल है।




31 अक्टूबर, 2024 तक कंपनी के पास चार देशों में 16 विनिर्माण सुविधाएं हैं, जिनमें भारत में आठ, ब्राजील में दो, संयुक्त राज्य अमेरिका में तीन और कनाडा में तीन शामिल हैं। कंपनी के पास व्यवसायों को अधिग्रहित करने और एकीकृत करने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है, जिससे इसके उत्पादों और भौगोलिक पदचिह्न का विस्तार हुआ है। हाल के अधिग्रहणों में टेक्सास-मुख्यालय वाली इम्पैक्ट फ्लूइड सॉल्यूशंस एलपी (जून 2024), कनाडा के फ्लूइड एनर्जी ग्रुप (जनवरी 2023), क्लेरिएंट का उत्तरी अमेरिकी भूमि तेल व्यवसाय (मार्च 2023) और ख्याति केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड (अप्रैल 2022) शामिल हैं।

# मुंबई में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक महाशिवरात्रि उत्सव की घोषणा हुई



**मुंबई.** आचार्य उपेंद्र जी के नेतृत्व में अंतर योग फाउंडेशन, 26-27 फरवरी 2025 को मुंबई में एक ऐतिहासिक महाशिवरात्रि कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तैयार है। यह 24 घंटे का आध्यात्मिक उत्सव भारत भर के 1 लाख से अधिक भक्तों को एकत्र करेगा, जिसमें स्वास्थ्य, प्रगति, समृद्धि, ज्ञान, महिला सशक्तिकरण और नागरिकों के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस आयोजन में देशभर के प्रमुख आध्यात्मिक गुरुओं, उद्योग जगत के नेताओं, विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों और 1 लाख भक्तों की भागीदारी की उम्मीद है। कार्यक्रम को लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से दुनिया भर में प्रसारित किया जाएगा। आचार्य उपेंद्र के मार्गदर्शन में इस उत्सव में दुर्गम शिव साधना, शक्तिपत दीक्षा, गहन ज्ञान सत्र और उन्नत उपचार पद्धतियाँ शामिल होंगी, जो पहले ही अनगिनत लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से बदल चुकी हैं। इसके साथ ही 5,000 पूर्व-पंजीकृत भक्तों के लिए व्यापक रक्त परीक्षण किया जाएगा।



# छोटे शहरों में आक्रामक भर्तियां कर रहीं कंपनियां

**नई दिल्ली.** देश की बड़ी कंपनियां लागत घटाने और प्रतिभाओं तक आसानी से पहुंचने के लिए अब लखनऊ एवं जोधपुर जैसे छोटे शहरों में कार्यालय खोल रही हैं और आक्रामक तरीके से भर्तियां भी कर रही हैं। कंपनियों के छोटे शहरों की ओर रुख करने की तीन बड़ी वजह हैं। पहला... इन शहरों में कम खर्च होता है। दूसरा...परिचालन लागत घटती है। तीसरा...कम वेतन पर अच्छे कर्मचारी मिल जाते हैं। वेदांता डिजिटल परिवर्तन, इंजीनियरिंग और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की तलाश कर रही है। आरपीजी समूह विनिर्माण, बिक्री के साथ रिन्यूएबल एनर्जी जैसे उभरते हुए क्षेत्रों पर ध्यान दे रहा है। वेदांता की एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, इस साल कारोबार पुनर्गठन के कारण कंपनी पूरे भारत में अच्छी संख्या में नियुक्तियां करने पर विचार कर रही है। इसमें प्रमुख रूप से टियर-2 और टियर-3 शहर शामिल हैं। टेक कंपनियां भी टियर-2 और टियर-3 शहरों से आक्रामक रूप से भर्ती कर रही हैं। मुख्य रूप से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, बुनियादी ढांचे और ग्राहक सहायता भूमिकाओं को लक्षित कर रही हैं। करावाडी ने कहा, मौजूदा अनुमान से पता चलता है कि 15-20 फीसदी तकनीकी कार्यबल पहले से ही कोयंबतूर, तिरुवनंतपुरम, भुवनेश्वर, जयपुर, नागपुर और इंदौर जैसे शहरों से आते हैं।

# टीपी सोलर ने सौर परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर किये

**मुंबई.** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) की पूरी मालिकी की सहायक कंपनी टीपी सोलर लिमिटेड (टीपी सोलर) ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (एमएसपीजीसीएल) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, टीपी सोलर 300 मेगावाट क्षमता के एएलएमएम-प्रमाणित सौर मॉड्यूल की आपूर्ति करेगी, जो मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना (एमएसकेवीवाई) 2.0 परियोजना का हिस्सा है। यह कॉन्ट्रैक्ट लगभग ₹455 करोड़ का है, और यह टीपी सोलर की भारत में उच्च गुणवत्ता वाले सौर मॉड्यूल के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में अग्रणी स्थिति को रेखांकित करता है। एएलएमएम-प्रमाणित मॉड्यूल पूरे महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर सप्लाई किए जाएंगे। यह समझौता एमएसपीजीसीएल के 750 मेगावाट क्षमता के बड़े टेंडर का हिस्सा है, जिसका निर्णय प्रतिस्पर्धी ई-रिवर्स नीलामी (ईआरए) प्रक्रिया के बाद लिया गया था।

टीपी सोलर लिमिटेड तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में भारत का सबसे बड़ा एकल-स्थान सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण प्लांट चला रही है। इस प्लांट की क्षमता 4.3 गीगावाट है और यह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस प्लांट के निर्माण में टाटा पावर ने अपनी सहायक कंपनी टीपीआरईएल के ज़रिए लगभग ₹4,300 करोड़ का निवेश किया है। इस परियोजना का उद्देश्य सौर मूल्य श्रृंखला में स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है। यह पहल भारत के नेट-ज़ीरो कार्बन भविष्य के दृष्टिकोण का समर्थन करती है और सौर रूफटॉप और यूटिलिटी-स्केल सेगमेंट्स में कंपनी के अग्रणी स्थान को मज़बूत करती है। यह समझौता अक्षय ऊर्जा समाधानों में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए टीपी सोलर के समर्पण को दर्शाता है। कंपनी उन्नत प्रौद्योगिकी और टिकाऊ प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के ऊर्जा परिवर्तन में योगदान देने, प्रगति को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

# आईटीडी सीमेंटेशन में सीसीआई की मंजूरी

**नई दिल्ली.**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने मंगलवार को अदाणी समूह की इकाई रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी के आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में करीब 5,757 करोड़ रुपये में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड एक इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है जो भारी सिविल, बुनियादी ढांचे और इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) व्यवसाय करती है और भारत और विदेशों में परिचालन करती है।


भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा, "प्रस्तावित सौदे में रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी (अधिग्रहणकर्ता) की ओर से आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड की कुल जारी और वोटिंग इक्विटी शेयर पूंजी के लगभग 46.64 प्रतिशत (8,01,13,180 शेयरों के बराबर) का अधिग्रहण शामिल है।" रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में रजिस्टर्ड है, और अदाणी समूह से जुड़ी है। यह एक होल्डिंग कंपनी है जो वाणिज्यिक उद्यमों और निवेश प्रबंधन के व्यवसाय में लगी हुई है और भारत में इसका कोई संचालन नहीं है।

### बिड़ला समूह की कंपनी 8,100 करोड़ के मूल्यांकन पर अधिग्रहण करेगी

देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी ने अक्तूबर में एलान किया कि वह अपने विस्तार अभियान के तहत सीके बिड़ला समूह की कंपनी ओरिएंट सीमेंट का 8,100 करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर अधिग्रहण करेगी। सीमेंट में उद्योग में अदाणी समूह की अरबपति कुमार मंगलम बिड़ला के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा हो गई है, जिनकी अल्ट्राटेक सीमेंट 150 मिलियन टन से अधिक की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ बाजार में सबसे आगे आगे है।




१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर




प्रविण कडू : 9822472123

# छत्रपति संभाजीनगर में बड़ा हादसा, 4 लोगों की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर.**

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर ज़िले के शिउर पुलिस थाना की हद में सिंधीनाला फाटा के करीब देर रात एक हादसा हो गया. जिससे 4 लोगों की मौत हो गई. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश से कर्नाटक ब्लैंकेट बेचने के लिए 5 लोग गए थे. ब्लैंकेट बेचने का काम खत्म होने के बाद सभी को अपने सामान के साथ वापस मध्य प्रदेश आना था. ऐसे में सामान ज्यादा था और कुछ पैसे बचाने के चक्कर में पांचों लोग एक ट्रक में बैठ गए.

जिस ट्रक में पांचों बैठे थे, वह ट्रक कर्नाटक से राजस्थान जा रहा था. पांचों ने सामान के अलावा अपनी मोटरसाइकिल भी ट्रक में रखी थी. देर रात छत्रपति संभाजीनगर में रात का




खाना खाने के बाद चार लोग ट्रक के पीछे लोहे की प्लेटों के पास बैठे और नींद लगने पर सो गए.

जब ट्रक छत्रपति संभाजीनगर के शिउर पुलिस थाने क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी अचानक ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिया. ट्रक का ब्रेक लगने के बाद जोर से कुछ गिरने की आवाज आई, इसके बाद ड्राइवर ने ट्रक को रास्ते में रोका और ट्रक से उतरने के बाद ट्रक ड्राइवर ने पीछे देखा तो लोहे की प्लेट पीछे बैठ चारों लोगों पर गिर चुकी थी.

चारों ही लोग लोहे की प्लेट गिरने के बाद दब गए थे. जिसके बाद ट्रक ड्राइवर और ट्रक में बैठे एक अन्य व्यक्ति ने लोहे की प्लेट से चारों को निकालने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो पाया. इसके बाद ड्राइवर ने पुलिस को घटना की सूचना दी. जिसके बाद मौके पर देर रात पहुंचकर पुलिस ने निकालने का प्रयास किया. लेकिन कामयाबी नहीं मिली.

इसके बाद सुबह इलेक्ट्रिक कटर की मदद से लोहे की प्लेटों को काटा गया. फिर चारों का शव बाहर निकाला गया. फिलहाल चारों के शवों को शिउर के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. वहीं, पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर के ट्रक को शिउर पुलिस थाने में जब्त कर लिया और जांच भी शुरू कर दी है.

## मुंबई में 22 करोड़ रुपये कीमत की 2.2 किलो कोकीन जब्त

**मुंबई.** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के मुंबई डिवीजन के अधिकारियों ने युगांडा के तीन नागरिकों को गिरफ्तार किया जो भारत में ड्रग्स की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे। तीनों संदिग्ध युगांडा के एन्तेबे से उड़ान लेकर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। पूछताछ के बाद तीनों ने तस्करी के उद्देश्य से नशीली दवाओं वाले कैप्सूल लेने की बात स्वीकार की। संदिग्धों को एक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और अदालत के आदेश के अनुसार, चिकित्सा निगरानी के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान पता चला कि संदिग्धों ने कुल 170 कैप्सूल लिए थे. इसमें कुल 2197 ग्राम कोकीन थी. इस कोकीन की कीमत करीब 21.97 करोड़ रुपये है. इन यात्रियों से नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत कोकीन जब्त की गई थी। तीनों को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया और उन पर आरोप लगाए गए। आगे की जांच चल रही है.

# भक्तों को पहनने होंगे भारतीय परिधान

**मुंबई.** मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर ने मंगलवार को भक्तों के लिए एक नया ड्रेस कोड जारी किया है, जिसके तहत शॉर्ट स्कर्ट और छोटे कपड़े पहनकर मंदिर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट (SGTT) की ओर से जारी किया गया है। ट्रस्ट ने कहा है कि भक्तों को मंदिर में प्रवेश करने से पहले उचित और शालीन वस्त्र पहनने होंगे। ट्रस्ट ने भारतीय परिधान की सिफारिश की है।

यह ड्रेस कोड अगले हफ्ते लागू होगा। इसके बाद भक्तों को शालीन कपड़े में आना होगा। जो छोटे कपड़े में आएंगे उन्हें मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया है कि "छोटे कपड़े, शॉर्ट स्कर्ट या ऐसे कपड़े जो शरीर के अंगों को उजागर करते हैं, पहनने वाले भक्तों को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।"

**शिकायतों के बाद लिया गया निर्णय**

सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि यह ड्रेस कोड कई भक्तों से प्राप्त शिकायतों के बाद लागू किया गया है। उन्होंने मंदिर में अन्य भक्तों



के लिए असहज होने की बात कही थी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष पवन त्रिपाठी ने कहा, "हमें कुछ भक्तों के कपड़ों को लेकर अन्य भक्तों से शिकायतें मिली हैं। लोग चाहते थे कि कपड़ों पर कुछ प्रतिबंध लगाए जाएं। भक्तों को ट्रस्ट द्वारा लिया गया निर्णय मानना होगा।"उन्होंने यह भी कहा कि हाल के समय में देश भर के कई मंदिरों ने भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू किया है, जिससे धार्मिक स्थलों पर कपड़ों के चयन को लेकर एक चर्चा शुरू हो गई है।

**प्लास्टिक बैग पर भी रोक**

इसके साथ ही मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों को प्रसाद वितरण के लिए प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल पर भी रोक लगाते हुए कागज की थैलियों का उपयोग करने का निर्णय लिया है। यह पहल फिलहाल परीक्षण आधार पर शुरू की गई है।

आपको बता दें कि पिछले साल दिसंबर में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर प्रशासन ने भी भक्तों से अपील की थी कि वे मंदिर में आधी पैंट, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, फटे हुए जींस, चमड़े के कपड़े या अन्य आपत्तिजनक वस्त्र पहनकर न आएं। उनका कहना था कि यह पूजा स्थल है न कि एक पर्यटन स्थल। मंदिर प्रशासन ने कहा था कि यह कदम मंदिर के शालीन माहौल को बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

# वक्फ संशोधन बिल:


## > बिल राजनीतिक उद्देश्य से लाया : शिवसेना (यूबीटी)

**मुंबई.**

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति ने मसौदा रिपोर्ट और संशोधित विधेयक को बहुमत से स्वीकार कर लिया है. सांसदों को अपनी असहमति दर्ज कराने के लिए बुधवार (29 जनवरी) को शाम चार बजे तक का समय दिया गया है. विपक्षी गुट में शामिल उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने भी विधेयक पर असहमति दी है.

शिवसेना (यूबीटी) के नेता अरविंद सावंत ने कहा, ''मैंने डिसेंट नोट दी है. पहले तो बहुत सारी गलतफहमियां फैलाई जा रही है. ये बिल इन्होंने राजनीतिक विचारों से लाया है, न की न्याय के लिए लाया है. इस बिल में संविधान का ही सम्मान नहीं है.''

उन्होंने कहा, ''जब आप कहते हैं कि वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम भी होगा तो हमारे हिंदुओं के जो मंदिर हैं, उससे मुझे डर लग रहा है कि हिंदुओं के मंदिर की जो व्यवस्था है उसमें किसी गैर हिंदूओं



के रहने की अनुमति नहीं है. फिर वो हिंदुओं की व्यवस्थाओं के लिए वो मांग करेंगे. संघीय ढांचे खत्म किए जा रहे हैं. उनका कहना है कि बोर्ड में नॉमिनेट करेंगे, पहले चुनकर आते थे. आप समझ सकते हैं कि नॉमिनेट करने से क्या होगा. देश की एकता और अखंडता पर चोट है.''

**ओम बिरला को सौंपा जाएगा बिल**

संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल प्रस्तावित कानून का संशोधित संस्करण गुरुवार (30 जनवरी) को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप सकते हैं. समिति ने सोमवार (27 जनवरी) को हुई एक बैठक में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सदस्यों की तरफ से प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया था और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया था.

## भूख से व्याकुल किसान को जानवरों की तरह उठा लिया

**छत्रपति संभाजीनगर.** छत्रपति संभाजीनगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां भूख हड़ताल पर बैठे किसान पर पुलिस ने अत्याचार किया है. भूख हड़ताल खत्म करने के लिए पुलिस ने भूख हड़ताल कर रहे किसानों पर दबाव बनाया और उन्हें सीधे फार्ट में ले गई. उन्हें बल प्रयोग कर कार तक ले जाया गया है. इसका एक वीडियो सामने आया है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पुलिस की इस कार्रवाई से पुलिस प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं. भूख हड़ताल कर रहे किसान का नाम अशोक बाबूराव राठौड़ है. वह पिछले दस दिनों से महाराष्ट्र राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी के सामने आमरण अनशन पर बैठे थे. लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया. इस बीच मंगलवार की रात 10 बजे पुलिस अनशन कर रहे किसान को इलाज के नाम पर उठा ले गयी है. यह आरोप किसान के परिवार ने लगाया है। मिली जानकारी के मुताबिक छत्रपति संभाजीनगर जिले के पैठन तालुका के टांडा इलाके में अशोक राठौड़ का खेत है। वालाज जालना बिजली लाइन और धापटी टांडा सबस्टेशन के लिए अल्ट्रा हाई प्रेशर यानी 400 केवी की 2 टावर लाइनें उसके खेत से होकर गुजरी हैं।

# मातोश्री तक सिमट जाएगी शिवसेना यूबीटी?

**ठाणे.**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद अब सभी राजनीतिक दलों का नजर स्थानीय निकाय चुनाव पर टिकी है. राज्य में मुंबई, ठाणे, पुणे, छत्रपति संभाजीनगर नगर निगमों सहित जिला परिषदों, नगर पालिकाओं के लिए चुनाव होंगे. ऐसे में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एक बार फिर अपने राजनीतिक विरोधी उद्धव ठाकरे को झटका देने की तैयारी में हैं. शिंदे गुट ठाकरे का गढ़ माने जाने वाले मुंबई नगर निगम पर अपना झंडा गाड़ने की तैयारी शुरू कर दी है.

करीब तीन साल पहले एकनाथ शिंदे ने शिवसेना में उद्धव ठाकरे को चुनौती दी और पार्टी को दोफाड़ कर उसपर कब्जा जमा लिया. इस विभाजन के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में शिंदे गुट को थोड़ी चुनौती मिली लेकिन बीते विधानसभा में वह काफी मजबूत होकर उभरी. दूसरी तरह उद्धव की शिवसेना का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा. शिंदे की शिवसेना ने विधानसभा में जोरदार वापसी की. अब एकनाथ शिंदे एक बार फिर



उद्धव ठाकरे को गंभीर घाव देने की तैयारी में है.

**शिंदे की नजर मुंबई के किले पर**

शिवसेना के दोफाड़ होने के बाद एकनाथ शिंदे ने अपने दम पर ठाणे में अपना दबदबा कायम रखा. उन्होंने वहां लगभग पूरी पार्टी को अपनी ओर खींच लिया. अब एकनाथ शिंदे ने अपना रुख उद्धव ठाकरे के गढ़ माने जाने वाले मुंबई की ओर कर लिया है. एकनाथ शिंदे ने चुपचाप मुंबई से भी ठाकरे को बाहर करने के लिए अपनी चालें चलनी शुरू कर दी हैं. शिंदे के साथ-साथ यशवंत जाधव, परमेश्वर कदम, शीतल म्हात्रे, सुवर्णा करंजे, दिलीप लांडे जैसे कद्दावर नेता आ गए. इसके बाद अब फायर ब्रांड कहे जाने वाले पूर्व नगरसेवक राजुल पटेल ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे की शिवसेना का झंडा थाम लिया है.

# यूक्रेनी एक्टर आर्मेन एटेन को किया गिरफ्तार

**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने मंगलवार को टोरेस निवेश धोखाधड़ी मामले में यूक्रेनी अभिनेता आर्मेन अटेन को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने यह गिरफ्तारी की है. वहीं, एक अधिकारी ने बताया, 'मामले में उसकी भूमिका सामने आने के बाद अटेन को पश्चिमी उपनगर मालवानी से गिरफ्तार किया गया.'

इसके साथ ही पुलिस ने टोरेस निवेश घोटाले के सिलसिले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. अधिकारी ने बताया, 'अटेन यूक्रेन के लोगों और भारतीयों के बीच मुख्य कड़ी था.

---

NATIONAL HEALTH MISSION, MAHARASHTRA
NHM
राष्ट्रीय आरोग्य अभियान महाराष्ट्र

## राष्ट्रीय आरोग्य अभियान
**जिल्हा एकात्मिक आरोग्य व कुटुंब कल्याण सोसायटी, गोंदिया**

सार्वजनिक आरोग्य विभाग

### जाहिर ई - निविदा सूचना क्र. 01/2024-25

राष्ट्रीय आरोग्य अभियान जिल्हा एकात्मिक आरोग्य व कुटुंब कल्याण सोसायटी, गोंदिया हे गोंदिया जिल्हयातील 15 वित्त आयोगाअतंर्गत खाली दर्शविल्याप्रमाणे ऑनलाईन निविदा http://mahatenders.gov.in वर ई टेंडरीग पध्दतिने मागवित आहे.

**ई - निविदा (प्रथम प्रसारण) कामाची संख्या -26**
**ऑनलाईन निविदा विक्री दिनांक 29/01/2025**

आरोग्य संस्थाचे बांधकाम व दुरुस्तीचे खालीलप्रमाणे ऑनलाईन ई-निविदा महाराष्ट्र शासनाच्या या http://mahatenders.gov.in संकेतस्थळवरुन Tender by Organization मधील SE National Health Mission State Health Society Mumbai वरुन Download करता येतील. या निविदेसंबधिची सर्व माहिती व अटी शर्ती सदर संकेत स्थळावर पाहण्यासाठी उपलब्ध आहे.ही निविदा फक्त इंटरनेटवरुनच खेरदी करता येईल व इंटरनेटवरुनच भरता/दाखल करता येईल . कोणतेही कारण न देता निविदा स्विकारणे अथवा रदद करण्याचे अधिकार राखुन ठेवण्यात आले आहे.

**सही/-**
**जिल्हा एकात्मिक आरोग्य व**
**कुटुंब कल्याण सोसायटी, गोंदिया**

---

## NAGPUR MUNICIPAL CORPORATION
### Tender Notice

Commissioner NMC invites Offline Tenders for the following works. These tenders can be submitted by the Registered Contractors of NMC. The terms and conditions of tenders are available in the Tender Form. The sale and purchase of Tender Form can be done at E.E.(Slum) Office, 5th Floor, B-Wing NMC, Nagpur.

| Tender No. | Name of the work | BOQ Cost (Rs.) |
|---|---|---|
| 1 | Renovation & Repairing of Sarwazanik Shauchalya near Binaki Flyover, Nagpur. | 399692 |
| 2 | Repairing & Renovation of Public Toilet infront of Shantinagar Ghat in Pr no 21. | 404747 |
| 3 | Repairing & Renovation of Sarwajanik Toilet near Telephone Exchange square in pr no 23. | 406053 |
| 4 | Repairing of N.M.C. Public Toilets in Various Places at Sitabuldi slum area in Pr. No. 15. | 401911 |
| 5 | Prov. & Fixing I-Block from H/o Ramchandra Gajbhiye to h/o Sachin Wairagade near Bhajimandi at Gopal Nagar in Pr no 37. | 411993 |
| 6 | Renovation & Repairing of Sarwazanik Shauchalya at Cotton Market, Nagpur. | 404106 |
| 7 | Renovation & Repairing of Sarwazanik Shauchalya near Hanuman Mandir, Kinkhede Layout, Nagpur. | 403421 |

**Note :- 1)** EMD : **(Rs. 4200/-)**, Tender sale & submission start date : **30/1/2025. 2)** Tender submission end date/sales end date : **14/2/2025** up to **5.00 pm. 3)** Date of opening of Tender (if possible) date : **17/2/2025** up to **5.00 pm. 4)** Eligibility criteria and mode of Submission shall be as stated in uploaded tender document.

**Advt No : 939/PR,**
**Dt : 29/01/2025**

**Executive Engineer (SLUM)**
**Nagpur Municipal Corporation**

---

# मैं सिर्फ नाम से तुतारिवाला...! विधायक राजू खरे

## > मैं बालासाहब ठाकरे का प्रशिक्षित शिवसैनिक हूं

**पंढरपुर.**

मैं बालासाहब ठाकरे से प्रशिक्षित एक शिवसैनिक हूं। हम मोहोल नगर परिषद के साथ-साथ पंढरपुर नगर परिषद पर भी कब्जा कर लेंगे। मैं सिर्फ नाम से तुतारिवाला हूं. मोहोल विधानसभा क्षेत्र के एनसीपी (शरद चंद्र पवार) विधायक राजू खरे ने बयान दिया है कि राज्य में सत्ता हमारी है। बताया जा रहा है कि इसके जरिए राजू खरे ने पार्टी बदलने का संकेत दिया है.

वह पंढरपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस अवसर पर माढ़ा विधायक अभिजीत पाटिल, भैरवनाथ शुगर फैक्ट्री के उपाध्यक्ष अनिल सावंत, शिवसेना (ठाकरे गुट), एनसीपी (शरद चंद्र पवार) के नेता, कार्यकर्ता और अधिकारी उपस्थित थे। इस बार खरे और पूर्व विधायक प्रशांत परिचारक को चुनौती दी गई है.

विधायक खरे ने कहा, "जब मोहोल विधानसभा चुनाव लड़ रहे थे, तो परिचारक मुझे गिराने के लिए पंढरपुर के सत्रह गांवों से जंग जंग



का पीछा कर रहे थे। अब नगर परिषद के माध्यम से बदला लेने का समय आ गया है। मोहोल में राजन पाटिल की सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए विजयराज डोंगरे, उमेश पाटिल जैसे नेता उनके साथ थे. पंढरपुर मेरी जन्मभूमि है. पंढरपुर में ही राजनीति का उद्गम स्थल माना जाता है। इसलिए, उन सभी की मदद से, मोहोल और पंढरपुर की नगर परिषद मजबूती से लड़ेगी।

**दोनों शिवसेना एक साथ, बीजेपी भी एक साथ**

"मैं एक सच्चा शिवसैनिक हूं। मोहोल सीट राजन पाटिल बनाम शिवसेना थी। इस सीट पर सेना हमेशा कम वोटों से जीतती रही है. इस साल जीत के लिए दोनों शिवसेना एक साथ आईं. भीमशक्ति एक साथ आये. विधायक खरे ने यह भी कहा कि बीजेपी भी गुपचुप तरीके से उनके साथ है.

**पहले बयान फिर विधायक खरे का घमासान...**

"अगर आप मेरा पूरा भाषण सुनेंगे तो आपको पता चल जाएगा। 1990 से 2024 तक मेरी 34 साल की राजनीतिक यात्रा शिव सेना में एक शिवसैनिक के रूप में रही है। इस साल मोहोल निर्वाचन क्षेत्र में कोई मशाल और धनुष नहीं है। इससे शिवसैनिक परेशान हो गए, जिसके परिणामस्वरूप दोनों तरफ के शिवसैनिकों ने फैसला किया कि वे इस जगह को खाली करने के लिए कुछ भी करेंगे। महाविकास अघाड़ी के सभी नेताओं ने मुझे नामांकन दिलाने की कोशिश की. वहीं, उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे ने भी मुझे आशीर्वाद दिया. लेकिन मैं तुतारी का हूं,'' विधायक खरे ने कहा।

---

## आज का राशिफल

मेष-आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण लाभ लेकर आने वाला है। कारोबार में आपको अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता होगी।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

कर्क -आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप संतान को किसी नई नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है,

सिंह- आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर व्यस्तता अधिक रहेगी,

कन्या- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलती दिख रही है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको पारिवारिक मामलों को घर में ही सुलझाने की आवश्यकता है।

धनु -आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। आपके खर्च बढ़ने से आपको समस्या नहीं आएंगी।

कुंभ -आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों के प्रति सावधान रहना होगा।

मीन-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे,

---

## नगर परिषद उमरेड जिल्हा- नागपूर

Tele no-07116-242007 (Office)
Fax No. 07116-242557
E-mail. mcu umrer@yahoo.co.in

जाहिरात क-एमसीयु/स्व.वि./ 1448 /2025
दिनांक 29/1/2025

### निविदा सूचना क्रमांक-23/2025

नगर परिषद उमरेड स्वच्छता विभागाअंतर्गत खालील नमुद कामाकरीता नोंदणीकृत व अनुभवी कंत्राटदार यांचेकडून दिनांक ३०/०१/२०२५ ते ०७/०२/२०२५ पर्यंत 2 लिफाफा पध्दतीने सिलबंद निविदा मागविण्यात येत आहे. कामाचा तपशिल खालीलप्रमाणे आहे.

| अ. क्र. | कामाचे विवरण | कोरे निविदा पत्राची किंमत | अनामत रक्कम | कामाचा कालावधी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नगरोत्थान (जिल्हास्तर) योजनेंतर्गत स्व. कन्नमवार शॉपिंग सेंटर परिसरात बांधण्यात आलेले सुलभपध्दतीचे शौचालयाचे 'पे एण्ड' यूज पध्दतीने संचालन करण्यासाठी प्रीमियम दराची निविदा | 500/- | 5000/- | 3 वर्ष |
| 2 | घनकचरा व्यवस्थापन केंद्र उमरेड येथील जुन्या साठविलेल्या कच-यावर बायोमायनिंग या शास्त्रोक्त पद्धतीने प्रक्रिया करण्याकरिता तसेच शहरातील अत्यावश्यक ठिकाणी कामे करण्याकरिता जे.सी.बी. पुरविणे. | 2000/- | 5000/- | आदेशापासून ४ महिने |

**निविदा प्रसिध्दीचा तपशिल**

| | | |
|---|---|---|
| १ | कोरी निविदा पत्र विक्री | दि ३०/०१/२०२५ वेळ १०.३० वाजेपासुन ते दि. ०७/०२/२०२५ ला दु. २.०० वाजेपर्यंत |
| २ | निविदा दाखल करण्याचा अंतिम दिनांक | दि. १०/०२/२०२५ वेळ दु.२.०० वाजेपर्यत |
| ३ | निविदा लिफाफा क्र. 1 (Technical Bid) उघडण्याचा दिनांक, वेळ व स्थळ | दि. ११/०२/२०२५ वेळ स 11.00 वाजता<br>मा. मुख्याधिकारी, नगर परिषद उमरेड यांच्या कक्षात |

**अटी व शर्ती -**

1) निविदेच्या अटी व शर्ती तसेच निविदेची पुढील सर्व कार्यवाही आरोग्य विभागात पाहावयास मिळेल.

**स्वा./-**
**मुख्याधिकारी तथा प्रशासक**
**नगरपरिषद उमरेड**

---

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

## कार्यालय नगरपंचायत निलडोह
## तालुका हिंगणा, जिल्हा नागपूर
**Email:-np.nildoh@gmail.com**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

जा.क्र./२२५ न.पं.नि./२०२५
दि. २९/०१/२०२५

### जाहिर निविदा सूचना

सन 2024-25 चे उर्वरित 2 महिने व सन 2025-26 मध्ये नगर पंचायत निलडोहला खालील दर्शविलेल्या कामाकरीता पंजिकृत/अनुभवी कंत्राटदार/पुरवठाधारक यांच्याकडुन बंद द्वी-लिफाफा पध्दतीने सिलबंद लिफाफ्यात निवीदा मागविण्यात येत आहे. त्याकरीता कोरे निविदा न.पं. निलडोह कार्यालयात दि. 31/01/2025 (सकाळी 09:45) ते दि. 08/02/2025 ला दुपारी 2.00 वाजेपर्यंत प्राप्त होईल व दि. 08/02/2025 ला सायंकाळी 5.00 वाजेपर्यंत न.पं. निलडोह कार्यालयात स्विकारण्यात येईल.

| अ. क्र. | कामाचे विवरण | अनामत रक्कम | कोरे निवीदा प्रपत्र रक्कम | कामाचा कालावधी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | सामान्य प्रशासन विभाग | | | |
| 1 | स्टेशनरी साहित्य पुरवठा करणे. | 5000/- | 500/- | आदेशापासुन 31/03/2026 पर्यंत अथवा पुढील आदेशापर्यंत |
| 2 | मंडप व डेकोरेशन साहित्य पुरवठा करणे. | 5000/- | 500/- | |
| 3 | छपाई साहित्य पुरवठा करणे. | 5000/- | 500/- | |
| 4 | संगणक व इतर तत्सम साहित्य पुरवठा व देखभाल दुरुस्ती करणे. | 5000/- | 500/- | |
| 5 | फर्निचर साहित्य पुरवठा करणे. | 5000/- | 500/- | |
| 6 | झेरॉक्स, बाईडींग व पोस्टर पुरवठा करणे. | 2000/- | 200/- | |
| 7 | व्हिडीओ शुटींग व फोटो कॉपी पुरविणे. | 2000/- | 200/- | |

**टिप :- कामासंबंधी सविस्तर माहिती नगरपंचायत कार्यालयात कार्यालयीन वेळेत पाहावयास मिळेल.**

**स्वा./-**
**मुख्याधिकारी**
**नगर पंचायत, निलडोह**

## सुविचार

जब हम विकट परिस्थिति से गुजर रहे होते हैं, और प्रभु को मौन पाते हैं तो हमें याद रखना चाहिए कि, परीक्षा के समय गुरु हमेशा मौन ही रहता है।

## संपादकीय

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दौरान स्नान करते समय मौन रहना क्यों आवश्यक



❍ मौन रहने से मन शांत होता है और तनाव कम होता है। मौन रहकर स्नान करने से व्यक्ति का आन्तरिक जगत क्रियाशील हो जाता है, जो आत्मा को परमात्मा से मिलाता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मौन रहने से व्यक्ति अपने विचारों और भावनाओं पर नियंत्रण रख सकता है। मौन रहने से अध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है, महाकुम्भ में सबसे बड़ा स्नान पर्व मौनी अमावस्या ही है, जिसका मौन रहकर भरपूर फायदा उठाया जा सकता है। धार्मिक मत हैं कि मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान अथवा त्रिवेणी संगम स्नान कर महादेव की पूजा करने से जीवन में व्याप्त सभी संकटों से व्यक्ति को मुक्ति मिलती है। साथ ही पितृ दोष, कालसर्प दोष एवं राहु-केतु की पीड़ा का प्रभाव न्यूनतम हो जाता है। मौनी अमावस्या के दुर्लभ मुहूर्त में पितरों का तर्पण एवं पिंडदान किया जाता है। अगर आप भी पितृ दोष से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो मौनी अमावस्या तिथि पर गंगा स्नान अथवा त्रिवेणी संगम स्नान कर भगवान शिव का अभिषेक करें।वहीं, अभिषेक के समय भगवान शिव जी के नामों का मंत्र जप करें, इस उपाय को श्रद्धा-विश्वास के साथ करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलेगी।

मौनी अमावस्या पर नौ ग्रहों की निमित्त नौ डुबकी लगान से जाने-अन्जाने में जो भी ग्रह जिस भी रूप में पीड़ा दे रहे होते हैं, वे स्वतः व्यक्ति को पीड़ा मुक्त कर देते हैं, क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि तीर्थराज प्रयागराज तीर्थों का राजा है और जो व्यक्ति तीर्थराज के समक्ष त्रिवेणी में पैदल चलता हुआ, कष्टों को सहता हुआ, सच्चे मन से इस मुहूर्त में स्नान, दान करता है, त्रिवेणी मां के आशीर्वाद से अनिष्ट ग्रहों का ठहराव हो जाता है।

# एन. रघुरामन का कॉलम: सहानुभूति तो सब दिखाते हैं





❍ ये कोई छुपी बात नहीं है कि बच्चों की एकाग्रता कम रह गई है, खासकर कोविड के बाद से। चुनौती ये है कि ऐसा क्या करें, जो उन्हें बांधकर रख सके। सोशल मीडिया शॉर्ट्स-रील इस पीढ़ी के लिए सर्वाधिक प्रासंगिक है, ऐसे में बेंगलुरु के कई स्कूलों ने कई प्रयोग शुरू किए हैं, जिसमें पॉडकास्ट और रील नवीनतम हैं। कई स्कूल छात्रों को अकादमिक व गैर-शैक्षणिक संदेश देने के लिए पॉडकास्ट व कभी-कभी रील का प्रयोग कर रहे हैं। दूसरी ओर कई लोगों ने एक पुराने प्रोजेक्ट 'होल-इन-द-वॉल' के बारे में भी सुना होगा। अनोखे कॉन्सेप्ट से बना ये लर्निंग स्टेशन एनआईआईटी के चीफ साइंटिस्ट एमेरिटस डॉ. सुगता मित्रा ने डिजाइन किया था। जिन्होंने इसके बारे में नहीं सुना, उन्हें बता दूं कि यह अभिनव पद्धति के साथ एक परियोजना थी, जिसका पहला प्रयोग दिल्ली में हुआ था। डॉ. मित्रा की टीम ने एक 'होल-इन-द-वॉल' बनाया था- जिसने एनआईआईटी परिसर को इससे लगी कालकाजी की झुग्गी से सेपरेट किया था। इस होल में एक कंप्यूटर लगाया गया था। दीवार के पार रहने वाले सभी लोग स्वतंत्र रूप से इस कियोस्क तक आ सकते थे। नई मशीन ने बहुत जल्दी कालकाजी झुग्गी में रहने वाले बच्चों में जिज्ञासा बढ़ा दी। इसने उनके लिए नई दुनिया खोल दी थी।


इस प्रोजेक्ट से पता चला कि बच्चों को अगर नियमित पहुंच व अवसर दिए जाएं- फिर चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो- वे सरल तकनीक व स्व-शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। सीखने का ये दृष्टिकोण न केवल प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ाता है बल्कि शहरी गंदी बस्तियों और ग्रामीण अंचलों में रहने वाले बच्चों में प्रमुख जीवन कौशल देने में भी योगदान देता है। पर मेरा सवाल है कि ऐसी जगह जहां बिजली नहीं हो, जैसे कि कोई ग्रामीण इलाका, तब क्या होगा? ऐसी जगहों पर कंप्यूटर या टीवी कैसे चलाएंगे? हैदराबाद के 11वीं कक्षा के छात्र 16 वर्षीय आदर्श विकास श्रीराम को हाल ही में इसका एक जवाब मिला। आदर्श की इस यात्रा की शुरुआत भद्राचलम से हुई, जहां उन्होंने बिजली की कमी सहित आदिवासी छात्रों की चुनौतियों को सामने से देखा। इन मिट्टी से बने ब्रिज स्कूलों में, एक अकेले शिक्षक छात्रों को गोंड और तेलुगु भाषा में पढ़ाते हैं। यह देखकर आदर्श का दिल टूट गया कि ये छात्र बुनियादी इंटरनेट और दृश्य सामग्री सुविधाओं के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं, जिसे अधिकांश शहरी छात्र हल्के में लेते हैं। आदर्श गणित और भौतिकी को लेकर जुनूनी हैं और स्थिरता व सशक्तिकरण लाने के दृष्टिकोण से 2025 से सरकारी स्कूलों में 'स्टेम' शिक्षा लाने का लक्ष्य रखते हैं। उन्होंने सबसे पहले इस सुदूर गांव में 450 से अधिक आदिवासी बच्चों को डिजिटल शिक्षा शुरू करने का फैसला किया।

अपने माता-पिता गीतालक्ष्मी व श्रीराम (दोनों आईटी कर्मचारी) की मदद से आदर्श ने क्राउडफंडिंग अभियान शुरू किया। उनका लक्ष्य 5.5 लाख रु. जुटाना था, पर 3.5 लाख ही जुटा सके। इंडीजिनियस डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के डॉक्टरों के साथ मिलकर उन्होंने अंततः छात्रों को आकर्षक डिजिटल सामग्री पहुंचाने में मदद की।

उन्होंने हैदराबाद से 293 किलोमीटर दूर कोठागुडेम के ब्रिज स्कूलों में न केवल आठ सौर ऊर्जा संचालित टीवी लगाए, बल्कि एनजीओ जॉय ऑफ रीडिंग के माध्यम से एक पुस्तकालय भी स्थापित किया, जिसमें रंगा रेड्डी जिले के सरकारी स्कूलों के लिए 1,000 से अधिक किताबें एकत्र की गईं। आदर्श ने कैंप के दौरान वैदिक गणित और 'स्टेम' कॉन्सेप्ट को सरल तरीके से पेश किया और गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के कई छात्रों को एनजीओ के माध्यम से पढ़ाई के अलावा डिजिटल सामग्री से अवगत कराया और उन्हें पर्यावरण को स्वच्छ रखने की स्थिरता और महत्व सिखाया। कई छात्रों ने कहा कि वे ऐसे कैंप का इंतजार करते हैं जिनमें उन्हें पेंटिंग, खेल और पहेलियां जैसी सरल गतिविधियां सिखाई जाती हैं।

## आस्था

# आज से होगी गुप्त नवरात्रि की शुरुआत



❍ हिंदू धर्म में नवरात्रि को बहुत ही खास माना जाता है. नवरात्रि का व्रत साल में चार बार रखा जाता है, जिसमें से दो बार प्रत्यक्ष और दो बार गुप्त नवरात्रि आती हैं. जहां प्रत्यक्ष नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है वहीं गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की गुप्त रूप से पूजा की जाती है. यही वजह है कि माघ में आने वाले नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है. गुप्त नवरात्रि की पूजा की शुरुआत घट स्थापना के साथ की जाती है. पंचांग के अनुसार, गुप्त नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना का शुभ मुहूर्त की शुरुआत 30 जनवरी यानि आज सुबह 9 बजकर 25 मिनट से लेकर 10 बजकर 46 मिनट तक है. ऐसे में भक्तों को घटस्थापना के लिए कुल 1 घंटे 21 मिनट का समय मिलेगा. इसके अलावा घट स्थापना का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 13 मिनट से लेकर 12 बजकर 56 मिनट तक रहेगा. यहां भक्तों को 43 मिनट का समय मिलेगा. गुप्त नवरात्रि के दिन घट स्थापना और पूजा करने के लिए सुबह जल्दी उठकर स्नान करना चाहिए. इसके बाद पूजा स्थल को अच्छे से साफ कर लेना चाहिए. फिर माता रानी की प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए. कलश स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त का खास ध्यान रखें. पूजा के समय देसी घी का दीपक जलाना चाहिए. गुड़हल के फूलों की माला मां को अर्पित करनी चाहिए. मां को सिंदूर अर्पित करना चाहिए. पंचामृत, नारियल चुनरी, फल मिठाई आदि का भोग लगाना चाहिए. आरती करके मां की पूजा का समापन करना चाहिए. गुप्त नवरात्रि में तामसिक भोजन नहीं करना चाहिए.

## लघुकथा

डॉ. चंद्रेश कुमार

# सब्ज़ी मेकर

❍ इस दीपावली वह पहली बार अकेली खाना बना रही थी। सब्ज़ी बिगड़ जाने के डर से मध्यम आंच पर कड़ाही में रखे तेल की गर्माहट के साथ उसके हृदय की गति भी बढ रही थी। उसी समय मिक्सर-ग्राइंडर जैसी आवाज़ निकालते हुए मिनी स्कूटर पर सवार उसके छोटे भाई ने रसोई में आकर उसकी तंद्रा भंग की। वह उसे देखकर नाक-मुंह सिकोड़कर चिल्लाया,ममा दीदी बना रही है. मैं नहीं खाऊंगा आज खाना! सुनते ही वह खीज गयी और तीखे स्वर में बोली,चुप कर पोल्यूशन मेकर, शाम को पूरे घर में पटाखों का धुँआ करेगा. उसकी बात पूरी सुनने से पहले ही भाई स्कूटर दौड़ाता रसोई से बाहर चला गया और बाहर बैठी माँ का स्वर अंदर आया,दीदी को परेशान मत कर, पापा आने वाले हैं, आते ही उन्हें खाना खिलाना है।" लेकिन तब तक वही हो गया था जिसका उसे डर था, ध्यान बंटने से सब्ज़ी थोड़ी जल गयी थी। घबराहट के मारे उसके हाथ में पकड़ा हुई मिर्ची का डिब्बा भी सब्ज़ी में गिर गया। वह और घबरा गयी, उसकी आँखों से आँसू बहते हुए एक के ऊपर एक अतिक्रमण करने लगे और वह सिर पर हाथ रखकर बैठ गयी। उसी मुद्रा में कुछ देर बैठे रहने के बाद उसने देखा कि खिड़की के बाहर खड़ा उसका भाई उसे देखकर मुंह बना रहा था। वह उठी और खिड़की बंद करने लगी, लेकिन उसके भाई ने एक पैकेट उसके सामने कर दिया।

## व्यंग्य

# सर का शौर्य, साहब का शोक

❏ आज का अखबार पढ़ा तो दो परस्पर विरोधाभासी खबरें मानों एक दूसरे को मुंह चिढ़ा रही थी। पहली खबर में एक बड़ा राजनेता अपनी बिरादरी का दुख दर्द बयां कर रहा था। उसे दुख था कि जनता के लिए रात दिन खटने वाले राजनेताओं को लोग धूर्त और बेईमान समझते हैं। उनका वेतन, भत्ता या पेंशन आदि बढ़ने पर शोर शराबा शुरू हो जाता है। लेकिन उनके खर्चे नहीं देखे जाते। उनका त्याग बलिदान नहीं देखा जाता। उक्त राजनेता के अनुसार एक डॉक्टर अपने बेटे को डॉक्टर और वकील बेटे को वकील बनाए तो कोई कुछ नहीं कहता, लेकिन एक राजनेता जब अपने बेटे को इस क्षेत्र में लाना चाहता है तो झट उस पर परिवारवाद का आरोप लगा दिया जाता है।मैं उक्त राजनेता के दुख दर्द को अभी समझने की कोशिश कर ही रहा था कि नजर दूसरी खबर पर पड़ी। जो एक सब असिस्टेंड इंजीनियर साहब से संबंधित थी। जनाब पश्चिम बंगाल के एक छोटे से कस्बे की नगरपालिका में पदास्थापित हैं। लेकिन कमाल ऐसा कि दुनिया की आंखें चौंधिया जाए। दरअसल निर्दिष्ट शिकायत पर जब उनके मकान में छापेमारी हुई तो रसोई से लेकर टॉयलट तक हर तरफ नोटों के बंडल ही बंडल मिले।लक्ष्मीजी की कृपा ऐसी कि उन्हें कमोड तक में नोटों के बंडल छिपा कर रखने पड़े। हैरान परेशान जांच अधिकारियों की अंगुलियां नोटों को गिनने से जवाब देनी लगी तो नोट गिनने वाली दो मशीनें मंगवाई गई। इससे भी बात नहीं बनी तो कैशियर को बुलाया गया। नोट गिनते गिनते थक कर निढाल हो चुके जांच अधिकारियों के सामने जब बरामद नोटों को जब्त करने की कार्रवाई शुरू करने की नौबत आई तब भी मुसीबत। नोटों के बंडल लादने के लिए दो ट्रक मंगवाए गए लेकिन वे छोटे पड़ गए। लिहाजा बड़े बड़े ट्रक मंगवाए गए। कहते हैं कि नोटों के बंडल बांधने के लिए जांच अधिकारियों को किलो भर रस्सी और तकरीबन 15 बोरे भी मंगवाने पड़े। सब असिस्टेंड इंजीनियर साहब की अमीरी के बारे में जो नई जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक घर मकान का नक्शा पास करवाने के लिए जनाब हर किसी से मोटी रकम घूस के तौर पर लेते थे। यह प्रक्रिया कई सालों तक चलने की वजह से उनके घर पर नोटों का पहाड़ खड़ा हो गया। जिसे देख कर बड़े बड़े धनकुबेर भी शर्मा जाएं। दरअसल विशाल आबादी वाले अपने देश में डॉक्टर इंजीनियर का क्रेज तो शुरू से था। बचपन से लेकर आज तक फिल्मों में तरह तरह के किरदारों को अपने नौनिहालों को डॉक्टर इंजीनियर बनाने का ख्वाब देखते सुनते उम्र की इस पड़ाव तक पहुंचा हूं। किसी परीक्षा का रिजल्ट निकलने के बाद जितने भी मेधावी छात्रों की फोटो अखबारों में छपती है उनमें से 99 फीसद डॉक्टर या इंजीनियर बनने की इच्छा ही जाहिर करते हैं। हालांकि इस क्षेत्र के बारे में अपना इतना ज्ञान बस इतना है कि कार्यालयों में ये अक्सर एक छोटे से केबिन में बैठे नजर आते हैं। लेकिन कमाल ऐसा कि सचमुच घर पर धनवर्षा शुरु हो जाए। अखबार के एक ही पन्ने पर छपी दो अलग अलग किस्म की खबरें सचमुच हैरान करने वाली थी। बेहद ताकतवर समझा जाने वाला एक राजनेता अपना दुखड़ा रो रहा था तो सरकारी महकमे में सामान्य से कुछ ऊपर पद पर बैठा व्यक्ति नोटों के पहाड़ पर बैठा मिला।

## उपन्यास

अन्तरा करवड़े

# फर्क

❏ "अरे रमा! कितने दिनों बाद देख रही हूँ तुझे। आ, जरा बैठ और सुरेश कहाँ है? टिंकू बबलू भी आए है ना?" बिन्नी चाची बड़े हुलास से अपने देवर देवरानी और उनके परिवार की आवभगत कर रही थी। बच्चे डरे सहमें से थे। बिन्नी चाची का पोता जब भी घर में होता, उन्हें किसी भी खिलौने को हाथ नहीं लगाने देता। उनसे सीधे मुँह बात भी नहीं किया करता। लेकिन आज वो नहीं था। बहू मायके गई हुई थी। बिन्नी चाची का उत्साह रोके नहीं रूक रहा था। चाय नाश्ते से लगाकर बरसों पहले की सी गप्पों भरी बैठकें। फिर उन्होने बनाया हुआ ढेर से पकवानों का खाना। रमा को हाथ तक नहीं हिलाने दिया था उन्होने। सब कुछ कैसे फुर्ती से बना परोस रही थी। आग्रह कर खिला रही थी। गरम पूरी, भजिये, तीन चार सब्जियाँ, पापड़, दाल, कढ़ी, मीठा, रायता, चटनी, सलाद, अचार...क्या नहीं था खाने में? उसपर भी नन्हा बबलू मचल गया तो उसे हाथोहाथ पनीर के पकौड़े तलकर दिये थे। रमा और सुरेश को ये माजरा कुछ समझ नहीं आ रहा था।

यूँ तो घर में पैर धरते ही आँखे चुराती हुई बिन्नी चाची, जबर्दस्ती मुस्काती और बहू का गुणगान उसके ही गुस्सैल मुख पर करती बिन्नी चाची, हमेशा खाने में सूखे से और नाममात्र के पदार्थ परोसती बिन्नी चाची को अचानक हो क्या गया था? वे दोनों अनमने भाव से इस अलभ्य आगत्य का सुख उठाते रहे। दिन भर के लिये बुलाया था उन्हें। शायद कोई कारण होगा। कुछ कहना चाहती होगी। हो सकता है रूपयों की जरूरत हो। नाना प्रकार के विचार यहाँ आने से पहले दोनों के मन में घर कर गये थे।खाना खाकर फिर लेटे लेटे गप्पों का दौर चल पड़ा।

नई पुरानी, रिश्ते नातों की, दोपहर वाली रसीली बातें। बच्चे भी अब खुलकर खेलने लगे थे। धरे - धीरे सभी ऊँघने लगे। अचानक चार बजे चाची उठ बैठी। बचे हुए खाने का सामान करीने से प्लास्टिक की थैलियों में भरकर सामने की चौकिदारिन को दे आई। यहाँ तक कि पूरियों का बचा आटा, भजिये का घोल तक बाँट आई। बड़े बड़े बर्तन अलमारी में धर दिये। रसोईघर ऐसा दिखाई दे रहा था जैसे दिन भर से यहाँ खाना ही न बना हो। फिर वे झटपट चाय बना लाई। रमा कौतूहल से उनके ये सारे क्रिया कलाप देखती रही। वो चाय पीते हुए पूछ ही बैठी इसका कारण। "भाभी! ये सब कुछ बाई को क्यों दे दिया? सब कुछ तो खाने लायक था?"चाची का चेहरा गंभीर हो उठा, "पाँच की ट्रेन से बहू आ रही है। उसे मालूम हुआ तो...और वे पुनः वैसी ही कठोर हो उठी। जाने क्या क्या, कहाँ कहाँ दरक गया था।रमा फुर्ती से उठी। चाय के बर्तन साफ कर, पोंछकर जगह पर रखे। बच्चों को तैयार किया। ठीक पाँच बजे चारों दरवाजे पर पहुँचे।"भाभी! अब चलते है।"चाची बहुत चाहती थी उन्हें रोकना लेकिन उनके कटे हाथ आज रमा ने देख लिये थे। परंतु उनका एक मन आज सुखी था। अरसे बाद, कुछ मन का कर पाई थी वे। बस मुस्कुराकर रह गई। दोनों ओर के नयन भीग गये थे.



## लाल पांडा

इसे भालू के परिवार का सदस्य माना जाता है. लाल पांडा हिमालय की दक्षिणी चोटियों, दक्षिणी-पश्चिम चीन, सिक्किम, असम एवं उत्तरी अरुणाचल प्रदेश के जंगलों में पाए जाते हैं. यह चहकने और चूं-चूं की आवाज करने के अलावा अधिकतर चुपचाप रहते हैं. वर्ष 2008 के बाद रेड पांडा को लुप्तप्राय पशु की श्रेणी में रखा गया है.

## वास्तुशास्त्र

# घर लाएं ये चीजें, बनी रहेगी सुख-समृद्धि

1. फिश एक्वेरियम-अगर आप आर्थिक रूप से कमजोर हैं तो नए साल पर घर में फिश एक्वेरियम ले आएं। घर में फिश एक्वेरियम रखने से पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है साथ ही धन से जुड़ी दिक्कतें भी कम होने लगती हैं।

2. फेंगशुई मेंढक- घर में तीन टांगों वाला मेंढक रखना बेहद शुभ माना जाता है। अगर आप आर्थिक परेशानी से घिरे हुए हैं तो आज ही अपने घर फेंगशुई का मेंढक लाएं। फेंगशुई मेंढक बेहद ही लकी माना जाता है। घर में तीन टांगों वाला मेंढक रखने से घर की समृद्धि बरकरार रहती है। इस बात का ध्यान रखें की मेंढक का मुख घर की ओर हो।

3. विंड चाइम- घर में पॉजिटिविटी अट्रैक्ट करने के लिए और सुख-समृद्धि बढ़ाने के लिए आप विंड चाइम लगा सकते हैं।

4. मनी प्लांट -घर के लिए बेहद ही शुभ माना जाता हैमनी प्लांट। मनी प्लांट लगाने से घर की सुख-समृद्धि बनी रहती है और पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है। घर की उत्तर दिशा में नीले कलर की बोतल या ट्रांसपेरेंट वास में मनी प्लांट लगाएं। इस बात का ध्यान जरूर रखें की इसकी बेल नीचे की ओर न लटकने पाए।

5. लाफिंग बुद्धा- फेंगशुई शास्त्र में लाफिंग बुद्धा की मूर्ति शुभ मानी गई है। दोनों हाथ ऊपर किए हुए लाफिंग बुद्धा के स्टैच्यू को अपने ऑफिस या घर में लगाने से सुख-समृद्धि बनी रहती है और तरक्की के मार्ग भी खुलते हैं।

## कहानी

# विश्वास

❍ बाबू हरकचंद का ज़िंदगी भर का विश्वास एकाएक ढह गया वे जब से म्युनिसपिल कमेटी की नौकरी में आये थे, ऐसा कभी नहीं हुआ था। उन्होंने अपनी सारी ज़िंदगी शान से गुजारी है। बाज़ार में कभी किसी व्यापारी ने उनकी बात नहीं टाली। लेकिन आज सेठ गहनामल ने उनके विश्वास को एक ही झटके में गहरे से तोड़ दिया। जब उनकी म्युनिसिपिल-कमेटी के पास नाके लगाने का अधिकार हुआ करता था तब कमेटी में हरक चंद जी ऐसी कुरसी पर थे कि वे नाकेदारों के कामकाज पर सीधे निगाह रखते थे। महसूल वसूली का काम उनके ही पास था। इसी वजह से क़स्बे के सारे व्यापारी उनका ख़ास ख़्याल रखा करते थे। उनने भी इस क़स्बे के हर व्यापारी पर खूब अहसान किये हैं। चोरी -छिपे पूरा ट्रक भरके माल ले आये दुकानदारों को फाइल से उनने वे कागज- पत्तर कई बार बताए हैं, जिनके कारण दुकानदारों पर हजारों रूपया महसूल लग सकता था। जानकारी मिल जाने पर दुकानदारों ने कागज-पत्तर में लिखी चीजें अपने यहां दर्ज करलीं। सो दुकानदारों के हजारों रूपये बच गये, पर बदले में हरक बाबू ने कभी किसी से कोई अपेक्षा नहीं की। जिसने जो दिया प्रेम से ले लिया।नहीं दिया तो भी कोई पच्चड़ नहीं की। हां , इन सब कामों की वज़ह से बाज़ार में उनका इतना सम्मान जरूर था कि वे यदा-कदा बाजार से निकलते, दुकानदार उन्हे आवाज़ देकर बुला लेता और खूब मान देता। खुद उठ के उन्हे अपनी गद्दी पर बिठाता और नाश्ता-चाय-पान के बिना आने न देता। वे जब घर-गृहस्थी की कोई चीज़ खरीदते, मुंह से मांग के कोई उनसे सामान का मोल न लेता फिर भी वे न मानते , कम-ज्यादा थोड़े बहुत दाम देकर ही उठते।कुछ बरस पहले सरकार ने सड़क यातायात को बिना बाधा चलने देने के लिये जब कुछ सुधार किये , तो सबसे पहले म्युनिस्पिलटी के नाके बंद कर दिये। अब सरकार को क्या पता कि म्युनिसपिल कमेटी के लिए नाके कितने जरूरी है? जरूरी क्या हरक बाबू यह मानते हैं कि वे तो प्राणवायु थे, इन कमेटीयों के लिए। नाके क्या बंद हुये, नगरपालिका वालों के दिन फिर गये। बुरे दिन आ गये - कर्मचारियों के भी और संस्थाओं के भी। नाकेदारों और किरानीयों के सारे ज़लवे खत्म हो गये। पहले बज़ट कम होना शुरू हुआ फिर दफ्तर में दरिद्रता के नजारे प्रकट हुये-घिसे-पुराने परदे, फटे-मेजपोश ,आधा-अधूरा उज़ाला और दिन में आने वाली चाय के घटते कपों से बाहर के लोग भी अंदाज़ा लगाने लगे कि म्युनिसपिल कमेटी की माली हालत इन दिनों पतली हो चली है। फिर तनख्वाह बंटना अनियमित हुआ , और वेतन न मिलने का क्रम कई-कई माह तक चलने लगा। भीतर-ही-भीतर हरकचंद ने अनुभव किया कि वे दुकानदार जो हरकचंद को अपना परिजन और आदरणीय माना करते थे , यकायक उनसे कन्नी काटने लगे हैं।

❏ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांक्षा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M)
C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS
NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD,
M.I.S.R (Mum), C.C.H,
C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस,
पी.ओ.डी.

मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# विधायक जोरग़ेवार ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार से की मुलाकात

## > विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा



**चंद्रपुर, सुनील तायडे.**

चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी विधायक किशोर जोरग़ेवार ने मुंबई के मंत्रालय में उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजीत पवार के साथ सद्भावना बैठक की। इस बैठक में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गयी.
विधायक जोरग़ेवार ने निर्वाचन क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों, नई परियोजनाओं और आवश्यक धन के संबंध में उपमुख्यमंत्री के समक्ष मांगें प्रस्तुत कीं.

इस चर्चा के दौरान अजित पवार ने इस बात पर सहमति जताई कि चंद्रपुर निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देने की जरूरत है. उन्होंने इन विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने का वादा किया। सड़कों, पुलों , जल संरक्षण परियोजनाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

विधायक किशोर जोरग़ेवार ने निर्वाचन क्षेत्र में कृषि क्षेत्र के सुधार के साथ-साथ किसानों के लिए नई योजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। इसमें सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवश्यक नीतियों के कार्यान्वयन, आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी को अपनाने और बाजार में कृषि उपज की आसान बिक्री का आह्वान किया गया ।

औद्योगिक विकास के अनुरूप विधायक जोरग़ेवार ने यह भी मांग की कि सरकार को स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए. इस चर्चा में चंद्रपुर निर्वाचन क्षेत्र में रोजगार सृजन पर जोर दिया गया. स्थानीय युवाओं को अधिक अवसर प्रदान करने के लिए नए औद्योगिक परिसरों, प्रशिक्षण केंद्रों और स्टार्ट-अप को विशेष प्रोत्साहन देने पर चर्चा की गई । इसके साथ ही विधायक जोरग़ेवार ने नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए जल आपूर्ति, स्वच्छता अभियान , कचरा प्रबंधन और स्मार्ट सिटी योजना के तहत प्रस्तावित परियोजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की . इस मौके पर सकारात्मक चर्चा के बाद विधायक किशोर जोरग़ेवार ने विश्वास जताया कि विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं को जल्द ही गति मिलेगी.

# बेसहारा विधवाओं की मदद के लिए दौड़ी आई आधारवेल संस्था

## > हल्दी कुमकुम कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया

**कोरपना.**

निराश्रित विधवाओं को समाज में समान स्थान मिले, वे अपने जीवन में खुशियाँ अनुभव करें तथा उनके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए, इस महान उद्देश्य से गढ़चांदूर में आधारवेल बहुउद्देशीय संगठन द्वारा विधवा महिलाओं के लिए हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को गडचंदूर स्थित सीनियर सिटीजन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही गई।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से विधवाओं ने भाग लिया। महिलाओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास की झलक थी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिलाओं के संघर्ष को मान्यता देना तथा उन्हें समाज के अभिन्न



अंग के रूप में सम्मान देना था।

समाज में विधवाओं को विवाहित महिलाओं की तुलना में कम सम्मान दिया जाता है। सामाजिक परिवर्तन के लिए आधारवेल बहुउद्देशीय संगठन द्वारा उठाया गया कदम, जहां विधवाओं को भी सुहासिनी जैसा सम्मान दिया जाता है जो बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर अनेक विधवा महिलाओं ने अपने अनुभव व्यक्त किये। महिलाओं का आत्मविश्वास सराहनीय था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य स्मिता चिताडे ने की, जिन्हें राज्य का आदर्श शिक्षक पुरस्कार प्राप्त हुआ। उद्घाटन प्रो. आशीष देरकर द्वारा किया गया था। मुख्य अतिथि चेन विंग स्कॉलर एडवोकेट दीपक चटप, महापौर सविता टेकाम, आधारवेल की अध्यक्ष उषा टोंगे, उपाध्यक्ष वंदना कटकड़े, सचिव कल्पना गोवर्धनीपे और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

विधवा महिलाओं के प्रति समाज की रूढ़ियों और परंपराओं के खिलाफ जागरूकता पैदा करने का भी संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यों ने महिलाओं को प्रेरणादायी संदेश दिए तथा उन्हें नए जीवन की दिशा दिखाने का आह्वान किया। आधारवेल संस्था की इस पहल ने विधवा महिलाओं के सम्मान के लिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश फैलाया जाए। कार्यक्रम का संचालन आधारवेल की उपाध्यक्ष नलिनी खेकाड़े ने किया।

कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्था की कल्पना निमजे, वंदना धांडे, अर्चना देवलवार, नंदा वांद्रे, नंदा कोंगरे, अनिता बामनकर, अनिता पाहनपाटे, प्रभा वासडे, अर्चना काले, विजया कुचानकर आदि सदस्यों ने सहयोग किया।




# छात्र राष्ट्र का भविष्य: दिनेश चोखारे

## > न्यू कॉन्वेंट ताड़ाली में गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न

**चंद्रपुर.**

छात्र देश का भविष्य हैं। आज के विद्यार्थी आगे चलकर स्वर्णिम भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। ऐसे विद्यार्थियों को बुद्धिमान नागरिक बनाने में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः दिनेश चोखारे ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, शिक्षक वर्ग के प्रति उनके मन में हमेशा सम्मान की भावना रहती है.

26 जनवरी 2025 रविवार ज्ञान प्रसारक मंडल, ताड़ाली द्वारा संचालित नूतन कॉन्वेंट में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. ज्ञान प्रसारक मंडल ताड़ाली के अध्यक्ष दिनेश चोखारे ने ध्वजारोहण किया. शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष ताड़ाली चंद्रपुर के अध्यक्ष दिनेश चोखारे थे. ताड़ाली ग्राम पंचायत की सरपंच संगीता पारखी, उपसरपंच निकिलेश रमेश चमरे, ज्ञान प्रसारक मंडल ताड़ाली चंद्रपुर की सदस्य गोपिका चोखारे, किरण दिनेश चोखारे, ताड़ाली ग्राम पंचायत सदस्य संजोग अदबले, ताड़ाली ग्राम पंचायत सदस्य मालती आमटे, ताड़ाली के प्रतिष्ठित नागरिक, डॉ. दूल्हे, गुरुदेव सेवा मंडल के संतोष झाडे, , अभय चिवंडे, प्रतिष्ठित नागरिक, सुबोध कासवटे, कवडू दिवासे, नूतन कॉन्वेंट की प्राचार्या, अंजलि कुरेकर उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत छाया वर्थी ने की, संचालन भाग्यश्री निमकार्डे , चित्रा वासेकर, सुवर्णा , छाया वर्थी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन छाया वर्थी ने दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कॉन्वेंट के प्राचार्य, शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और छात्रों ने अथक प्रयास किया।

# गढ़चांदुर में तीन दिवसीय वसंत महोत्सव का आयोजन



**कोरपना .**

गढ़चांदुर शिक्षण प्रसारक मंडल, गडचांदूर द्वारा महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ साइंस, महात्मा गांधी विद्यालय और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़चांदुर, महात्मा गांधी विद्यामंदिर और महात्मा गांधी स्कॉलर्स अकादमी के सहयोग से संयुक्त रूप से 24 से 26 जनवरी तक प्रतिवर्ष 'वसंतोत्सव - 2025' के साथ साथ मैत्री सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुभाष धोटे ने की।

समारोह का उद्घाटन नागपुर संभागीय शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक सुधाकर अड़बले ने किया। अल्ट्राटेक सीमेंट, गडचांदुर माणिकगढ़ इकाई के मानव संसाधन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश गहलोत मुख्य अतिथि थे।

गोंडवाना विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के डीन, चंद्रपुर के राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य और संस्थान के निदेशक डॉ. अनिल चिताडे, उपाध्यक्ष विठ्ठल थिपे, विकास भोजेकर, सचिव धनंजय गोरे, सहसचिव उज्ज्वला धोटे, संचालक रामचंद्र सोनपित्रे, पुष्पाताई हीरादेवे, प्राचार्य शैलेंद्र देव, प्राचार्य साईनाथ मेश्राम, प्राचार्य किरण कुंडू, उप प्राचार्य प्रफुल्ल माहुरे, पर्यवेक्षक लता घाटे व अन्य गणमान्य उपस्थित थे। विद्यार्थियों के लिए पांडुलिपि प्रकाशन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सांस्कृतिक रजनी, एकल नृत्य, संगीत वाद्ययंत्र वादन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, कराओके जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। संस्था के सचिव धनंजय गोरे ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने सहयोग दिया।




# तेजस्वी प्रकाश ने सबको छोड़ा पीछे

मशहूर रियलिटी शो मास्टरशेफ ने इस सीजन में एक नए ट्विस्ट के साथ वापसी की है. मास्टरशेफ के इतिहास में पहली बार ये रियलिटी शो अपना सेलिब्रिटी वर्जन लेकर आया है. यानी इस बार टीवी के मशहूर सितारे कंटेस्टेंट बनकर 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में खाना बनाते हुए नजर आ रहे हैं. इन सितारों में 'नागिन' एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश, पहले 'इंडियन आइडल' अभिजीत सावंत, अनुपमा के 'अनुज' गौरव खन्ना, 'सिमर' दीपिका कक्कड़ और 'बिग बॉस' फेम राजीव अड़ातिया- निक्की तंबोली का नाम भी शामिल हैं. इस शो में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ रहे इन सभी सेलिब्रिटी को मेकर्स मोटी फीस भी दे रहे हैं. कंटेस्टेंट को मिलने वाली फीस की बात करें तो इस मामले में तेजस्वी प्रकाश ने सबको पीछे छोड़ दिया है.





सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बिग बॉस 15 की विनर और मशहूर टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के इस सीजन की सबसे महंगी कंटेस्टेंट हैं. उन्हें इस शो के लिए लगभग 4 लाख फीस रुपये फीस मिल रही है. ये 4 लाख रुपये तेजस्वी को हर हफ्ते मिलने वाली फीस है और उन्हें पूरे हफ्ते में से 4 दिन इस शो की शूटिंग करनी पड़ती है.'खतरों के खिलाड़ी' फेम मिस्टर फैसू को फराह खान के 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के लिए 2 लाख रुपये मिले हैं, तो बिग बॉस फेम निक्की तंबोली, अभिजीत सावंत और अर्चना गौतम ने इस शो के लिए डेढ़ लाख फीस चार्ज की है. इन सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट के अलावा बाकी बचे कंटेस्टेंट को यानी 'पवित्र रिश्ता' फेम सीनियर एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी, राजीव अड़ातिया, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कुक कबिता और कपिल शर्मा फेम कॉमेडियन चंदन प्रभाकर को सोनी टीवी के इस कुकिंग रियलिटी शो में शामिल होने के लिए हर हफ्ते 1 लाख रुपये की फीस दी जाती है.

# रणबीर कपूर-महेश बाबू एक साथ?

स्पाई यूनिवर्स वाले उनकी फिल्म को हिट कराने के लिए सबकुछ ट्राई कर रहे हैं. नई-नई स्ट्रेटजी पर काम हो रहा है. फिलहाल फिल्म को 15 अगस्त वाले वीकेंड पर लाने की तैयारी है, लेकिन डेट अनाउंस नहीं की गई है. पिक्चर में ऋतिक रोशन के अपोजिट जूनियर दिखाई देंगे. वो फिल्म में विलेन हैं, जो ऋतिक की मुश्किलें बढ़ाएंगे. पर इसी बीच रणबीर कपूर और महेश बाबू का भी इसी फिल्म से नाम जुड़ रहा है. क्या हो रहा है?



'वॉर 2' इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. इसे लेकर गजब का माहौल भी बना हुआ है. फिल्म में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच कई हाई ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस और एक डांस फेस ऑफ होगा. इसी बीच पता लगा कि इस फिल्म के लिए रणबीर कपूर और महेश बाबू कुछ खास काम करने वाले हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि, फिल्म में कुछ सिनेमैटिक वॉयसओवर्स होंगे. इन्हें कुछ ऐसे सीन्स के पहले रखा जाएगा, जो फिल्म की दिशा तय करेंगे. माने कुछ इंपोर्टेंट सीन्स के पहले एक आवाज डाली जाएगी, और ये आवाज होगी रणबीर कपूर और महेश बाबू की. रणबीर हिंदी का वॉयसओवर करेंगे, दरअसल इसे मेकर्स का बड़ा प्लान बताया जा रहा है. रणबीर कपूर और महेश बाबू की 'आवाज' फिल्म के लिए स्पेशल साबित होगी. एक बार फिर क्लियर करते चलते हैं कि यह सिर्फ सिनेमैटिक वॉयसओवर हैं. पूरी फिल्म में ऐसा कुछ भी सुनाई नहीं देगा. लेकिन ऐसा हो रहा है या नहीं, यह तो फिल्म में ही पता लगेगा. क्योंकि मेकर्स की तरफ से ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली हैं.

# शूटिंग के दौरान अर्चना पूरन का हाथ फ्रैक्चर हुआ

अर्चना पूरन सिंह, राजकुमार राव के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग कर रहीं थी। इस दौरान एक्ट्रेस के हाथ में फ्रैक्चर हो गया। इसकी जानकारी हाल ही में अर्चना ने अपने व्लॉग में दी। एक्ट्रेस शूटिंग के दौरान सेट पर फिसल गईं। जिसके कारण उनकी कलाई टूट गई और उनके चेहरे पर चोटें आईं। चोट लगने के तुरंत बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उनकी सर्जरी हुई। अर्चना पूरन ने अपने व्लॉग में काफी बातें शेयर करते हुए कहा- शूट करते समय मुझे चोट लग गई। जिसकी वजह से फिल्म की शूटिंग को रोक दिया गया है। मैंने राजकुमार को फोन करके प्रोडक्शन में देरी के लिए माफी मांगी है।



मैंने राजकुमार से कहा कि मैं जल्द ही फिर से काम पर वापस आउंगी। क्योंकि मैं नहीं चाहती थीं कि मेरे कारण पूरी टीम को कोई नुकसान हो। अर्चना ने चोट लगने की घटना के बारे में बताया कि जब उनके बेटे आयुष्मान ने अपने भाई आर्यमन को इस घटना के बारे में बताया, तो वह ये सुनकर शॉक हो गया था। अर्चना ने कहा- मेरे चेहरे पर चोटें आई हैं ये सुनकर आर्यमन काफी दुखी हो गया था।अर्चना ने वीडियो के आखिर में हेल्थ अपडेट देते हुए कहा- 'जो होता है अच्छे के लिए होता है। मेरा यही मानना है कि मैं ठीक हूं, और हमेशा की तरह मैं इस सिचुएशन में भी पॉजिटिव रहने की कोशिश कर रही हूं। अब पता चला रहा है कि एक हाथ से काम करना काफी मुश्किल है वो भी बाएं हाथ से ज्यादा मुश्किल है।'

# स्टारडम से क्यों चूक गए सिद्धार्थ?



अगर आपने आमिर खान की फिल्म 'रंग दे बसंती' देखी होगी तो आपको एक्टर सिद्धार्थ जरूर याद होंगे. इस फिल्म में वो करण सिंघानिया के रोल में नजर आए थे. सिद्धार्थ ने इस किरदार के जरिए अपनी अलग छाप छोड़ी थी. एक्टर हाल ही में हैदराबाद लिटरेरी फेस्विटल में नजर आए, जहां उन्होंने अदिति राव हैदरी की मां विद्या राव हैदरी से बात की और इस बात पर चर्चा की आखिर वो स्टाडरम से क्यों चूक गए. उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसे रोल्स निभाने से इनकार किया, जिसमें टॉक्सिक मर्दानगी दिखाई गई हो. इस वजह से उनको कुछ स्क्रिप्टस से हाथ धोना पड़ा.सिद्धार्थ ने खुले तौर पर इस बात को स्वीकारा कि उन्होंने इस तरीके के रोल्स नहीं किए इसलिए इंडस्ट्री में वो कॉमर्शियल फिल्म हीरो के तौर पर नहीं उभर पाए. इस दौरान सिद्धार्थ ने कई अलग-अलग तरह की स्क्रिप्टस का जिक्र किया. सिद्धार्थ ने बताया कि उन्हें महिलाओं को थप्पड़ मारने या उनको नीचे दिखाने जैसे कमेंट करने होते थे. उन्होंने ऐसे रोल्स को ठुकरा दिया. उन्होंने कहा कि शायद ऐसे रोल्स निभाकर वो एक बड़े स्टार बन सकते थे. एक्टर ने कहा, "मुझे ऐसी स्क्रिप्ट्स मिलती थीं, जिनमें मैं महिलाओं को थप्पड़ मारता, आइटम सॉन्ग करता, किसी की नाभि पर चुटकी लेता, किसी महिला को बताता कि उसे क्या करना चाहिए, उसे कहां जाना चाहिए वगैरह वगैरह. लेकिन मैंने उनको सीधे तौर पर मना कर दिया. अगर मैं भी इसी तरह से सोचता तो बेशक आज एक बड़ा स्टार होता.

# स्काई फोर्स ने 5 दिनों में 75 करोड़ कमाए

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया स्टारर फिल्म स्काई फोर्स ने 5 दिनों में 75 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। फिल्म ने 5.75 करोड़ का कलेक्शन किया। अक्षय कुमार की पिछली कुछ फिल्मों का रिकॉर्ड देखें, तो स्काई फोर्स की परफॉर्मेंस काफी बेहतर है। अक्षय कुमार की पिछली दो फिल्म खेल-खेल में ने 40.36 करोड़ का ऑलटाइम कलेक्शन किया था। वहीं, सरफिरा ने सिर्फ 22 करोड़ रुपए कमाए थे। अब स्काई फोर्स की परफॉर्मेंस ने अक्षय को जरूर एक राहत दी होगी। अक्षय की लास्ट सुपरहिट फिल्म ओएमजी-2 थी, जिसने 150.17 करोड़ का ओवरऑल कलेक्शन किया था।

2023 में रिलीज हुई ओएमजी-2 अक्षय कुमार की लास्ट सुपरहिट फिल्म थी। हालांकि, इसमें पंकज त्रिपाठी की भी अहम भूमिका थी। अक्षय ने एक तरह से साइड रोल किया था। क्या है स्काई फोर्स की कहानी? फिल्म की कहानी विंग कमांडर के.ओ. आहुजा (अक्षय कुमार) की है। वे एक ऐसे मिशन पर जाते हैं, जो भारत की हवाई ताकत को दुनिया के सामने साबित करता है। सरगोधा एयरबेस पर एक खतरनाक ऑपरेशन के दौरान विजय (वीर पहाड़िया ) लापता हो जाते हैं। यह फिल्म केवल एक युद्ध की गाथा नहीं है, बल्कि दोस्ती, जिम्मेदारी और बलिदान की भी कहानी है। पूरी खबर पढ़ें..

कंगना की इमरजेंसी का हाल बुरा दूसरी तरफ कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी का बुरा हाल है। फिल्म ने 12 दिनों में सिर्फ 17.10 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इस फिल्म में कंगना ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारतीय राजनीति के उस काले अध्याय को पर्दे पर लेकर आती है, जिसने 1975 से 1977 के बीच भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला दिया था।

# स्टार्स के एटीट्यूड वाले बयान पर शाहिद कपूर की सफाई

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'देवा' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। लेकिन इसी बीच वह अपने एक बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ स्टार्स अपने एटीट्यूड के साथ इवेंट्स में आते हैं और दूसरों को ऐसा महसूस कराते हैं जैसे उनकी मौजूदगी बहुत जरूरी हो। इसके बाद लोगों ने इस बयान को सलमान खान से जोड़ लिया। हालांकि, अब शाहिद ने खुद इस मामले पर अपनी सफाई दी है। जब शाहिद से पूछा गया कि क्या उनका बयान सलमान के लिए था, तो एक्टर ने तुरंत 'ना' कहा। शाहिद ने कहा, 'मुझे इस बारे में एक-दो लोगों ने मैसेज करके भी पूछा था। ईमानदारी से कहूं तो उस समय ऐसे ही बातें हो रही थीं, तो मैंने बिना कुछ सोचे-समझे बस जवाब दिया था। लेकिन अगर मैं कॉमेंट करना चाहूं, तो यह कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति पर नहीं होगा जो इतना सीनियर, इतना स्थापित हो और



जिनका मैं इतना सम्मान करता हूं। बस यह क्लियर करना है।शाहिद कपूर ने हाल ही में राज शमान को दिए गए अपने एक इंटरव्यू बॉलीवुड के स्टार्स पर बातें की थी। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि कुछ एक्टर ऐसे हैं जो आते हैं तो उनके चेहरे पर दिखता है कि वे आ रहे हैं। चंद सेकंड में ही ये पता चल जाता है। अगर आप रूम में घुसे हैं तो आपको देखकर ही लग जाएगा कि वे महसूस करा रहे हैं कि वे आ गए हैं। फिल्म देवा एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे रोशन एंड्र्यू ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में पूजा हेगड़े, शाहिद कपूर, कुब्रा सेत, पवेल गुलाटी अहम किरदारों में हैं।

# सैफ के बेटे इब्राहिम को लॉन्च करेंगे करण जौहर

पटौदी परिवार के छोटे नवाब इब्राहिम अली खान जल्द ही इंडस्ट्री में कदम रखने वाले हैं, इस बात की चर्चा जोरों पर है. खबर थी कि वो 'सरजमीन' फिल्म से कदम रखने वाले हैं. अब इस न्यूज पर फिल्म मेकर करण जौहर ने मुहर लगा दी है. हालांकि उन्होंने फिल्म का नाम कंफर्म नहीं किया लेकिन ये जरूर बता दिया कि इब्राहिम का लॉन्च उनके बैनर तले ही होगा.करण ने इब्राहिम के डेब्यू को कंफर्म करते हुए एक पोस्ट लिखा, जहां उन्होंने खान परिवार के लिए अपने दिल में बसा प्यार दर्शाया. साथ ही बताया कि वो इस फैमिली की कितनी इज्जत करते हैं. करण ने बताया कि सैफ के परिवार से उनका नाता 40 साल पुराना है, जब वो महज 12 साल के थे तब वो पहली बार एक्ट्रेस अमृता सिंह से मिले थे. अमृता सैफ की पहली पत्नी




हैं और इब्राहिम की मां हैं.इब्राहिम की कई डैशिंग फोटोज शेयर करते हुए करण ने लिखा- मैं अमृता या डिंगी (जो उन्हें प्यार करते हैं, इसी नाम से बुलाते हैं) से तब मिला था जब मैं 12 साल का था. उन्होंने धर्मा मूवीज के लिए दुनिया फिल्म में मेरे पिता के साथ काम किया था. मुझे उनका वो ग्रेस, एनर्जी और कैमरा के आगे अपनी भाषा पर वो कमांड आज भी याद है. लेकिन, जो बात मुझे सबसे ज्यादा याद है, वो है हमारी पहली मुलाकात के बाद उनके और उनके हेयरस्टाइलिस्ट के साथ किया गया सबसे शानदार चाइनीज डिनर.

# महाकुंभ भगदड़ के बीच हेमा मालिनी ने लगाई डुबकी

28-29 जनवरी की दरमियानी रात महाकुंभ में भगदड़ मच गई, जिसमें अब तक 20 श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि की जा चुकी है। इसी बीच एक्ट्रेस और पॉलिटिशियन हेमा मालिनी संगम में डुबकी लगाने पहुंची हैं। मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर हेमा मालिनी ने अमृत स्नान किया। हेमा मालिनी ने संगम में डुबकी लगाई। इस दौरान उनके साथ योग गुरू बाबा रामदेव और जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज भी मौजूद रहे।

अमृत स्नान करने के बाद हेमा मालिनी ने मीडिया से बातचीत में कहा, महा स्नान के शुभ अवसर पर




मुझे यहां गुरु स्वामी श्री अवधेशानंद जी के सानिध्य में स्नान करने का अवसर मिला है, ये मेरा सौभाग्य है, बहुत ही अच्छा लगा है। इतने करोड़ों लोग आए हुए हैं। मुझे भी यहां स्थान मिला नहाने का, धन्यवाद।

बताते चलें कि हेमा मालिनी की तस्वीरें आने पर फिर एक बार जनता में वीआईपी लोगों के लिए आक्रोश है। कई यूजर्स वीआईपी लोगों को मिल रहे स्पेशल ट्रीटमेंट की आलोचना कर रहे हैं। एक यूजर ने तो इसे भगदड़ से जोड़ा है। एक यूजर ने लिखा ये वीआईपी अरेंजमेंट से ही कुंभ में दिक्कत हुई, जिससे हुई भगदड़ से लाखों लोग पीड़ित हुए। लेकिन ये वीआईपी लोग अपने विशेषाधिकार का दिखावा कर रहे हैं और आम जनता की परेशानियों को दिखाने के बदले इसे बेशर्मी से कवर किया जा रहा है। दूसरे यूजर ने लिखा है, कैसे ये वीआईपी लोग बिना किसी दिक्कत के डुबकी लगा रहे हैं और आम जनता भगदड़ में मर रही है। पवित्र स्थानों में वीआईपी कल्चर बंद करो। इन लोगों की वजह से आम जनता को दिक्कत हो रही है। इनके पास स्पेशल ट्रीटमेंट के लिए कोई क्वालिटी नहीं है।

# द मेहता बॉयज' का ट्रेलर रिलीज

बोमन ईरानी की फिल्म 'द मेहता बॉयज' का ट्रेलर एक दिल को छू लेने वाली और भावनात्मक कहानी की झलक दिखाता है। जो पारिवारिक संघर्ष, भेद्यता और व्यक्तिगत विकास से भरपूर है। ट्रेलर में कलाकारों के शानदार प्रदर्शन उभरकर सामने आते हैं, जो पिता-पुत्र के रिश्ते की सच्ची भावनाओं को बखूबी दर्शाते हैं, जो गलतफहमियों और अनकही भावनाओं से जूझ रहे हैं।




हल्के-फुल्के पलों और गहन भावनात्मक गहराई का मिश्रण इस कहानी को खास बनाता है। फिल्म में आपको ओरिजनल कैरेक्टर देखने को मिलने वाले हैं जो कैरेक्टर की खामियों को भी दिखाएंगे। यह प्रेरणादायक कहानी मानवीय संबंधों की जटिलताओं को गहराई से समझने का वादा करती है।

लेखक, अभिनेता, निर्देशक और निर्माता बोमन ईरानी ने कहा, "मेरे लिए, द मेहता बॉयज़ एक बेहद निजी यात्रा है। "पिता और पुत्र के बीच का रिश्ता सबसे जटिल और भावनात्मक संबंधों में से एक है। इस फिल्म के साथ, मैं यह दिखाना चाहता था कि दो ऐसे लोगों के बीच का बंधन, जो एक-दूसरे की बहुत परवाह करते हैं, कैसे समय, गलतफहमियों और अनसुलझे मुद्दों से परखा जा सकता है। यह एक ऐसी कहानी है जो वर्षों से मेरे साथ रही है, और मैं इसे भारत और दुनिया भर के दर्शकों के साथ प्राइम वीडियो पर साझा करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मैं पूरी कास्ट का तहे दिल से आभारी हूं, जिन्होंने अपने किरदारों को इतनी गहराई और वास्तविकता के साथ निभाया, जिससे इस कहानी को हर मायने में समृद्ध बनाया।

# रणजी खेलने पर कोहली को होगा तगड़ा नुकसान

**नई दिल्ली.**

क्रिकेट के ग्लोबल सुपरस्टार विराट कोहली की रणजी ट्रॉफी में 12 साल के बाद वापसी बेहद खास होने जा रही है. विराट कोहली रणजी कमबैक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. कोहली अपनी इंटरनेशनल क्रिकेट की खोई हुई फॉर्म को डोमेस्टिक क्रिकेट के जरिए वापस पाना चाहेंगे लेकिन रणजी खेलने पर विराट कोहली को एक बड़ा नुकसान भी होने वाला है. दरअसल कोहली जब-जब मैदान पर उतरते हैं, उन पर मैच फीस के तौर पर लाखों रुपये बरसते हैं. वहीं रणजी ट्रॉफी में उन्हें उसके मुकाबले में काफी कम पैसा मिलता है. आइए जानते हैं कि आखिर रणजी मैच के लिए कोहली को कितनी फीस या सैलरी मिलेगी.



जो प्लेयर्स 40 से ज्यादा मैच खेल चुके होते हैं उन्हें 60 हजार रुपये पर डे मिलते हैं. रणजी के लीग मैच चार दिनों तक चलते हैं और नॉक आउट मुकाबले पांच दिनों तक होते हैं. ऐसे में उन्हें पूरे मैच से 2 लाख 40 हजार से तीन लाख रुपये तक मिल जाते हैं. इतने ही मैच खेलने का अनुभव रखने वाले रिजर्व प्लेयर्स को पर डे 30 हजार रुपये मिलते हैं. 20 से 40 मैच के बीच के खिलाड़ियों को प्लेइंग इलेवन में शामिल होने पर हर दिन 50 हजार रुपये मिलते हैं. वहीं रिजर्व प्लेयर्स को 25 हजार तक मिलते हैं. कोहली ने अब तक इस घरेलू टूर्नामेंट में 23 मैच खेले हैं. इस हिसाब से उन्हें हर दिन के 50 हजार रूपये मिलेंगे. चारों दिनों की उनकी टोटल फीस 2 लाख रुपये हगी. विराट अपनी घरेलू टीम दिल्ली के लिए आखिरी लीग मैच में 30 जनवरी को रेलवे के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में उतरेंगे. विराट कोहली बीसीसीआई के ए+ ग्रेड के खिलाड़ियों में शामिल हैं. उन्हें बीसीसीआई से सालाना 7 करोड़ रुपये मिलते हैं. जबकि प्लेयर्स की टी-20, वनडे और टेस्ट मैच की फीस अलग होती है. बीसीसीआई अपने खिलाड़ियों को एक टेस्ट मैच के लिए 15 लाख रुपये तक फीस देता है. वहीं एक टी-20 के लिए तीन लाख रुपये और एक वनडे मैच के लिए 6 लाख रुपये मिलते हैं. मान लीजिए अगर रणजी के बदले विराट कोई इंटरनेशनल मैच खेलते तो उन्हें ज्यादा पैसा मिलता.

विराट कोहली ने अपने करियर में अब तक 23 रणजी मैच खेले हैं. कोहली ने इस घरेलू टूर्नामेंट में 50 से ज्यादा के बल्लेबाजी औसत के साथ 1574 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 5 शतक निकले. उन्होंने आखिरी बार रणजी में नवंबर 2012 में शिरकत की थी. तब दोनों पारियों में मिलाकर उन्होंने 57 रन बनाए थे.

# कोहली ने बच्चे को दिया जिंदगी बदलने वाला 'गुरुमंत्र'

**नई दिल्ली.**

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आज उस मुकाम पर हैं, जहां पहुंचने का सपना करोड़ों भारतीय देखते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 81 शतक जड़ चुके कोहली फिलहाल दिल्ली में रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अभ्यास कर रहे हैं। 30 जनवरी से अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली और रेलवे के बीच मुकाबला है। 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे विराट कोहली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रही है जिसमें वो एक बच्चे को 'क्रिकेट का ज्ञान' दे रहे हैं।

दिल्ली में प्रैक्टिस सेशन के दौरान विराट कोहली और उनके पुराने साथी के बच्चे की बातचीत सोशल मीडिया पर छाई हुई है। बच्चे का सीधा सवाल था- 'मुझे भारतीय क्रिकेटर बनने के लिए क्या करना होगा? कोहली ने सीधा और साफ शब्दों में जो गुरुमंत्र दिया, उसे ये बच्चा जिंदगीभर याद




रखेगा। बता दें कि ये बच्चा उनके पुराने दोस्त का बेटा है। इस युवा फैन का नाम कबीर है।अरुण जेटली स्टेडियम में प्रैक्टिस के दौरान ये युवा फैन विराट कोहली से मिला। उसने पूछा- 'इंडियन क्रिकेटर बनने के लिए क्या करना पड़ेगा।' कोहली ने बड़े प्यार से समझाते हुए कहा- 'बहुत मेहनत करनी पड़ेगी, आपको प्रैक्टिस और ट्रेनिंग सेशन के लिए बोलने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए किसी को। आपको खुद से सुबह उठकर ये बोलना होगा कि मुझे प्रैक्टिस के लिए जाना है। अगर कोई एक घंटे प्रैक्टिस करता है तो आप दो घंटे करो। कोई अगर फिफ्टी बनाता है तो आप सेंचुरी बनाओ, कोई शतक जड़ता है तो आप डबल सेंचुरी ठोको, यही एक तरीका है बस। जो बेंचमार्क है उससे आप डबल करोगे तो आपको कोई नहीं रोक सकता। कभी ट्रेनिंग के लिए बोलने की जरूरत पड़े तो वो सही नहीं है। आप बोलो कि मुझे प्रैक्टिस करनी है,



# श्रेयस भाई की मौजूदगी से चीजें आसान हो जाएंगी : शेडगे

**नई दिल्ली.**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स द्वारा चुने गए मुंबई के युवा ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे अपने पहले आईपीएल सत्र की तैयारी में जुटे हैं और कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ अपनी भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।बाईस साल के शेडगे पहले ही घरेलू क्रिकेट में सूत्रधार की काबिलियत दिखा चुके हैं, उन्होंने अय्यर की कप्तानी में मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। शेडगे ने फाइनल सिर्फ 15 गेंद में नाबाद 36 रन बनाने के साथ गेंदबाजी (32 रन देकर एक विकेट) में भी योगदान दिया जिससे वह मध्य प्रदेश पर पांच विकेट की जीत में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे।

इस सत्र में मुंबई के लिए सीनियर पदार्पण करने शेडगे का मानना है कि अय्यर की मौजूदगी से उन्हें पंजाब किंग्स में खिलाड़ियों से जल्दी सांमजस्य बिठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा, ''अगर आप पिछले कुछ साल में पंजाब किंग्स के रिकॉर्ड को देखें तो वे हमेशा नयी प्रतिभाओं में निवेश करते हैं और घरेलू सर्किट पर बारीकी से नजर रखते हैं। शेडगे ने कहा, ''मैं फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनकर सच में काफी उत्साहित हूं। श्रेयस भैया के कप्तान होने से यह आसान होगा क्योंकि मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं। '' वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग के मार्गदर्शन में काम करने को लेकर खास तौर पर उत्साहित हैं।


# ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भी सेमीफाइनल से बाहर हुई श्रीलंका

## विश्व कप विजेता की बेटी ने 'लूटी महफिल'

**नई दिल्ली.**

श्रीलंका ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया पर 12 रन की शानदार जीत से आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान खत्म किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही सेमीफाइनल में क्वालीफाई कर लिया था लेकिन टीम अंतिम चार से पहले अपनी विजयी लय जारी रखने में असफल रही। चामुडी प्रबोदा की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण से श्रीलंका ने लगातार अंतराल पर विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लय हासिल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ओवर में जीत के लिए 20 रन की दरकार थी और श्रीलंका ने संयम से गेंदबाजी करते हुए यादगार जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भी




मजबूत प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 99 रन ही बनाने दिए। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब फाइनल में जगह बनाने के लिए 31 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी जबकि भारत का सामना इसी दिन इंग्लैंड से होगा। नाईजीरिया ने भी आयरलैंड पर छह रन की रोमांचक जीत के बाद टूर्नामेंट में अपना अभियान खत्म किया। श्रीलंका ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया पर 12 रन की शानदार जीत से आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान खत्म किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही सेमीफाइनल में क्वालीफाई कर लिया था लेकिन टीम अंतिम चार से पहले अपनी विजयी लय जारी रखने में असफल रही। चामुडी प्रबोदा की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण से श्रीलंका ने लगातार अंतराल पर विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लय हासिल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ओवर में जीत के लिए 20 रन की दरकार थी और श्रीलंका ने संयम से गेंदबाजी करते हुए यादगार जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 99 रन ही बनाने दिए। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब फाइनल में जगह बनाने के लिए 31 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी जबकि भारत का सामना इसी दिन इंग्लैंड से होगा।

# प्रशंसक' के तौर पर टीम के समर्थन के लिए तैयार धोनी



**नई दिल्ली.**

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। इस टूर्नामेंट के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने एक प्रोमो वीडियो अपलोड किया है जिसमें धोनी शामिल हैं। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर 19 फरवरी से होना है, जिसमें भारत अपने मुकाबले पाकिस्तान के बजाए दुबई में खेलेगा।

चैंपियंस ट्रॉफी को शुरू होने में अब 20 दिन का समय शेष रह गया है और इससे पहले आधिकारिक प्रसारणकर्ता ने प्रोमो जारी किया है। वीडियो में धोनी यह कहते हुए दिख रहे हैं कि कप्तान रहते कूल (शांत) रहना आसान था, लेकिन एक प्रशंसक के तौर पर ऐसा कर पाना कठिन होगा। मालूम हो कि भारत ने 2013 में धोनी की ही कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था।

धोनी प्रोमो में इस बारे में बात कर रहे हैं कि यह टूर्नामेंट कितना कठिन होने वाला है और इसमें एक भी हार टीम के लिए आगे का सफर मुश्किल बना देगी। वीडियो में धोनी आने वाले टूर्नामेंट में खुद को शांत रखने के लिए 'धोनी रेफ्रिजेरेशन सिस्टम' का सहारा लेते दिख रहे हैं। धोनी इस वीडियो में कह रहे हैं, जब मैं कप्तान था तो मेरे लिए शांत रहना आसान था, लेकिन एक प्रशंसक के तौर पर चैंपियंस ट्रॉफी देखना आसान नहीं होगा। हमारी टीम काफी मजबूत है, लेकिन अगर हम एक भी मैच हारे तो टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। लगातार चिंता से तापमान बढ़ रहा है।

# मोहम्मद शमी के बाद फिट हुआ ये खिलाड़ी

**नई दिल्ली.**


चैंपियंस ट्रॉफी अब ज्यादा दिन दूर नहीं है. अगले 3 हफ्तों में टीम इंडिया मैदान पर उतरकर खिताब के लिए दावेदारी ठोकेगी. इस टूर्नामेंट से पहले हालांकि टीम इंडिया अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर चिंतित है. आईसीसी प्लेयर ऑफ द ईयर 2024 चुने गए बुमराह पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और उनके खेलने को लेकर स्थिति अभी भी साफ नहीं है. मगर टीम इंडिया को कुछ राहत की खबर भी मिल रही है क्योंकि स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी हो चुकी है और अब उनके बाद स्पिनर कुलदीप यादव भी फिट होकर मैदान पर कर रहे हैं.पिछले करीब 4 महीने से चोट के कारण इंटरनेशनल और डॉमेस्टिक क्रिकेट से दूर चल रहे लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वापसी कर रहे हैं. कुलदीप की वापसी भी उसी फॉर्मेट




और टूर्नामेंट से हो रही है, जिसमें विराट कोहली खेलते हुए दिखेंगे. जी हां, विराट की तरह कुलदीप यादव भी रणजी ट्रॉफी मुकाबले खेलने जा रहे हैं. कुलदीप को उत्तर प्रदेश के 15 सदस्यों वाले स्क्वॉड में शामिल किया गया है. गुरुवार 30 जनवरी से रणजी ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले शुरू होंगे, जिसमें विराट कोहली अपनी टीम दिल्ली से खेलने के लिए उतर रहे हैं, जबकि केएल राहुल कर्नाटक और मोहम्मद सिराज हैदराबाद की ओर से खेलेंगे. इसी तरह स्टार स्पिनर कुलदीप भी अपनी उत्तर प्रदेश की टीम की ओर से मैदान पर कदम रखेंगे. उत्तर प्रदेश का सामना मध्य प्रदेश से होगा. वैसे तो प्लेइंग इलेवन का ऐलान फिलहाल नहीं हुआ है लेकिन ये तय ही माना जा रहा है कि अगर कुलदीप इस मैच के लिए उपलब्ध हैं तो वो मुकाबला खेलेंगे. दोनों ही टीमें नॉक आउट की रेस से बाहर हो चुकी हैं. ऐसे में ये मैच कुलदीप की मैच फिटनेस को जांचने का अच्छा मौका होगा.

कुलदीप ने अपना पिछला मैच अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था. बेंगलुरु में खेले गए उस टेस्ट मैच के बाद से ही कुलदीप की वापसी नहीं हो पाई थी क्योंकि उन्हें हर्निया की सर्जरी करवानी पड़ी थी. इसके कारण ही वो ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज का हिस्सा भी नहीं थे. उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड में जगह मिली है. ऐसे में इससे पहले रणजी ट्रॉफी का मैच उनकी फिटनेस और लय को जांचने के लिए अच्छा मौका है.

# शादाब खान के जवाब से मचा तहलका



**नई दिल्ली.**

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी शादाब खान हाल ही में एक टीवी चैनल का हिस्सा बने। इस दौरान उनसे क्रिकेट, उनकी पर्सनल लाइफ और कई मुद्दों पर बात की गई। इस शो के दौरान एक महिला फैन ने शादाब खान के सामने ऐसा सवाल रख दिया जिसे सुनकर वे हैरान तो नहीं हुए लेकिन उन्होंने जो जवाब दिया उसे सुनकर फैंस काफी दंग रह गए। शो में उनसे एक महिला फैन ने सवाल किया कि अक्सर ये दावा किया जाता है कि क्रिकेटर्स, एक्ट्रेसेस को मैसेजेस करते हैं। इस पर शादाब खान ने कहा कि ऐसा करने में आखिर बुराई क्या है, इसमें कुछ गलत नहीं है। शादाब खान यही नहीं रुके इसके आगे उन्होंने जो जवाब दिया वो सुनकर सभी हैरान हो गए।

बीते साल पाकिस्तान के कुछ क्रिकेटरों पर यह आरोप लगे थे कि उन्होंने कई टिकटॉक अभिनेत्रियों को सोशल मीडिया पर मैसेज किए हैं। 26 साल के पाकिस्तान के क्रिकेट शादाब खान हाल ही में पाकिस्तानी शो 'हंसना मना है' का हिस्सा बने। इस पर शो के होस्ट तबिश हाशमी ने शादाब से सवाल किया, "क्या क्रिकेटर्स वास्तव में अभिनेत्रियों और टिकटॉकर्स को मैसेज भेजते हैं, या ये सिर्फ अफवाहें हैं?"

# वरुण को घातक गेंदबाजी का मिला इनाम




**नई दिल्ली.**

टीम इंडिया के घातक स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती को दमदार प्रदर्शन का इनाम मिला है. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट टी20 मैच में पांच विकेट झटके थे. अब वरुण ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है.

वरुण गेंदबाजों की रैंकिंग में 25 पायदान ऊपर पहुंचे हैं. वे अब विश्व के टॉप 5 गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं. इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 13 पायदान ऊपर आए हैं. वे छठे नंबर पर हैं. टीम इंडिया के गेंदबाज अक्षर पटेल को भी फायदा मिला है.

वरुण चक्रवर्ती ने भारत के लिए गेंदबाजी करते हुए 4 ओवरों में 24 रन देकर 5 विकेट लिए थे. उन्होंने इस सीरीज के तीन मैचों में कुल 10 विकेट लिए हैं. वरुण को इसका फायदा रैंकिंग में मिला है. वे टी20 बॉलर्स की रैंकिंग में पांचवें स्थान पर आ गए हैं. वरुण ने कुल 25 पायदान की छलांग लगाई है. इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद टॉप पर हैं. उन्हें एक स्थान का फायदा मिला है.

जोफ्रा आर्चर शानदार गेंदबाज हैं. उन्होंने इंग्लैंड के लिए कई मौकों पर कमाल दिखाया है. आर्चर ने टी20 बॉलिंग रैंकिंग में 13 पायदान की छलांग लगाई है. आर्चर छठे नंबर पर आ गए हैं. वहीं अक्षर पटेल को भी फायदा मिला है. वे 11वें स्थान पर आ गए हैं. अक्षर ने पांच पायदान की छलांग लगाई है.

### टीम रैंकिंग में टॉप पर है भारत -

टीम की टी20 रैंकिंग में भारत टॉप पर बना हुआ है. ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर हैं. इंग्लैंड की बात करें तो वह तीसरे पायदान है. जबकि वेस्टइंडीज चौथे नंबर पर है. न्यूजीलैंड की बात करें तो वह पांचवें पायदान पर है. पाकिस्तान क्रिकेट टीम टॉप 5 में शामिल नहीं है. वह सातवें नंबर पर है. जबकि दक्षिण अफ्रीका छठे पायदान पर है.

# हार्दिक पंड्या की वजह से टीम इंडिया राजकोट में हारी

**नई दिल्ली.**

भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने मंगलवार को यहां तीसरे टी20 में इंग्लैंड से भारत की 26 रन की हार के दौरान हार्दिक पंड्या के दृष्टिकोण पर चिंता व्यक्त की है। पटेल का मानना है कि पंड्या की धीमी पारी ने भारत को 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में विफल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पावरप्ले में 48/3 के स्कोर पर भारत शुरुआती संकट में आ गया था, जब पंड्या पारी को संभालने के लिए आए। हालांकि, स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाने के बजाय, भारतीय ऑलराउंडर ने प्रवाह के लिए संघर्ष किया और काफी संख्या में डॉट बॉल खेली।

हालांकि उन्होंने अंतिम ओवरों में तेजी लाने का प्रयास किया और कुछ देर बाद छक्के लगाए, लेकिन 19वें ओवर में 35 गेंदों पर 40 रन बनाकर आउट होने के बाद भारत को अंतिम क्षणों में बहुत कुछ करना पड़ा। पंड्या के मुंबई इंडियंस के पूर्व साथी पटेल ने इस ऑलराउंडर की पारी की आलोचना की, खास तौर पर इस बात की ओर इशारा करते हुए कहा कि उन्हें जमने में काफी समय लगा। लेकिन आप जमने के लिए 20-25 गेंदें नहीं ले सकते। इससे दूसरे बल्लेबाजों पर भी दबाव पड़ता है। अगर आप बड़े शॉट नहीं खेलना चाहते, तो कोई बात नहीं, लेकिन आपको स्ट्राइक रोटेट करते रहना होगा। आप लगातार तीन या चार डॉट



बॉल नहीं खेल सकते।

### सुंदर ने भी खेली धीमी पारी

वाशिंगटन सुंदर की 15 गेंदों पर 6 रन की धीमी पारी ने भारतीय बल्लेबाजी इकाई पर दबाव और बढ़ा दिया। पटेल ने बताया कि पंड्या की स्ट्राइक रोटेट करने में असमर्थता ने न केवल भारत की गति को रोका, बल्कि अन्य बल्लेबाजों को भी अनुचित जोखिम उठाने के लिए मजबूर किया। पटेल ने कहा, "आप हार्दिक पंड्या को 35 गेंदों पर 40 रन बनाते हुए देख सकते हैं, लेकिन उनकी पारी में कई डॉट्स हैं जो अन्य बल्लेबाजों पर भी दबाव डालते हैं। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में भारत सोच सकता है। आप अपना समय लेते हैं, हां, लेकिन कम लक्ष्य के साथ भी, आपको स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाना होगा।" पंड्या के भारत के शीर्ष स्कोरर होने के बावजूद, टीम इंग्लैंड के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ गंभीर चुनौती पेश करने में संघर्ष करती रही। पटेल की टिप्पणियों ने टी20 में लक्ष्य का पीछा करने के लिए भारत के दृष्टिकोण के बारे में महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं, खासकर जब एक सेट बल्लेबाज आवश्यक स्कोरिंग दर को बनाए रखने में असमर्थ होता है। श्रृंखला अभी भी जीवित है, भारत अपनी बल्लेबाजी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करने और अगले गेम के लिए आवश्यक समायोजन करने की कोशिश करेगा।

# मौनी अमावस्या पर 5.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया शाही स्नान

## > रातभर लोगों के प्रयागराज आने का सिलसिला चलता रहा

**नई दिल्ली.**



महाकुंभ में मंगलवार से ही भारी भीड़ रही। लोगो ने बुधवार को मौनी अमावस्या का अमृत किया। सुबह 5 बजे से अखाड़ों का स्नान चलता रहा। इसके लिए रातभर लोगों के प्रयागराज आने का सिलसिला चलता रहा। हर तरफ सिर्फ सिर ही सिर दिखाई दे रहे हैं। प्रयागराज की सड़कों से लेकर गलियां तक फुल हैं। भीड़ संभालने के लिए प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी है। लेकिन, आने वाली भीड़ बैरिकेडिंग तोड़ दे रही है। वहीं, मंगलवार को महाकुंभ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा शहर बन गया। प्रयागराज की आबादी साढ़े 5 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। रात 10 बजे तक 4.99 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इसमें अगर जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाए, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 5.69 करोड़ रिकॉर्ड की गई।

ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर भी 4.20 करोड़ लोगों के साथ प्रयागराज विश्व का सबसे बड़ा जिला बनने का रिकॉर्ड बना चुका है। मौनी अमावस्या पर्व पर संगमनगर में लाखों की संख्या में आस्था की डुबकी लगाने आए श्रद्धालुओं ने फुटपाथ पर बने आश्रय स्थल पर अपना बसेरा बनाया। वही ठंड से राहत के लिए अलाव का भी सहारा लिया। इंडियन प्रेस चौराहा पर नगर निगम की ओर से बनाए गए आश्रय स्थल के इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि कर्मचारियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। आवाजाही करने वाले लोगों के रहने ओढऩे बिछाने के जरूरी प्रबंध भी किए गए हैं।

### प्रभु प्रेमी संघ शिविर पहुंचे श्रृंगेरी शंकराचार्य

महाकुंभ में सेक्टर 18 स्थित "प्रभु प्रेमी संघ शिविर" में दक्षिणाम्नाय शृंगेरी श्री शारदापीठ श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम् का आगमन हुआ। श्रृंगेरी शंकराचार्य जी ने शिविर में स्थापित आद्य शंकराचार्य जी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर मन्दिर में देव दर्शन किए। इसके बाद श्री दत्त सदन में दत्त पादुकाओं का पूजन किया। शिविर में आगमन पर पूज्य शृंगेरी शंकराचार्य जी का पूज्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने स्वागत अभिनंदन किया।

# वक्फ संशोधन के मसौदे को किया स्वीकार

## > विपक्ष को असहमति के लिए दिया वक्त।



**नई दिल्ली.**


वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर जेपीसी कमेटी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने समिति के मसौदा को बहुमत के साथ स्वीकार कर लिया है। बुधवार को जगदंबिका पाल ने इस बात की जानकारी दी कि जिन भी सांसदों को अपनी असहमति दर्ज कराने के लिए शाम चार बजे तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस मामले को विपक्षी सांसदों ने अलोकतांत्रिक बताया और दावा किया कि उन्हें मसौदा को अध्ययन करने के लिए बहुत कम समय दिया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर जेपीसी समिति की अंतिम बैठक हुई। जिसमें विधेयक के पक्ष में 14 वोट जबकि विपक्ष में 11 वोट पड़े। 31 सदस्यीय समिति द्वारा ये मसौदा तैयार की गई है। 31 सदस्यों में से 16 एनडीए (12 भाजपा), विपक्षी दलों से 13, वाईएसआरसीपी से एक और एक नामित सदस्य हैं। समिति द्वारा 655 पन्नों की तैयार किए गए मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार किए जाने से पहले ही विपक्षी सांसदों ने आलोचना की थी। सदस्यों ने इस बात का दावा किया कि उन लोगों को इसका मसौदा मंगलवार शाम को भेजा गया था जिसको लेकर बुधवार सुबह 10 बजे तक अपनी राय देने को कहा गया था।

### इस तरह के मिले थे सुझाव

समिति द्वारा स्वीकृत संशोधनों में पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करने के लिए छह महीने के समय में रियायत देने को लेकर सुझाव दिए गए है। साथ ही कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या सरकारी भूमि इसको लेकर जिला अधिकारी के स्थान पर प्रदेश सरकार के अधिकारी को यह निर्णय लेने के लिए नियुक्त करना है। और वक्फ न्यायाधिकरण में "मुस्लिम कानून और न्यायशास्त्र के ज्ञान" वाले एक सदस्य को शामिल करना शामिल है।

# हानिकारक धातुओं का पता लगाएंगी नैनो मैटेरियल कोशिकाएं

**नई दिल्ली.**



मानव कोशिकाओं और पर्यावरण में हानिकारक धातुओं का पता लगाने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने नैनो मैटेरियल कोशिकाएं विकसित करने में सफलता हासिल की है। यह बीमारियों के उपचार और पर्यावरण निगरानी को बेहतर बनाकर धातु विषाक्तता की पहचान और प्रबंधन में मदद कर सकती है। वैज्ञानिकों की ओर से विकसित नैनो कणों को पेरोव्स्काइट नैनोक्रिस्टल्स नामक विशेष सामग्री से निर्मित किया है।

ये नैनो कण जीवित कोशिकाओं में मौजूद जहरीली धातुओं जैसे पारे का पता लगा सकते हैं। ये नैनोक्रिस्टल्स बहुत छोटे होते हैं (एक बाल की मोटाई से लाख गुना छोटे) और रोशनी के साथ खास तरह से प्रतिक्रिया करते हैं। इन्हें कोशिकाओं में फ्लोरोसेंट (चमकदार) जांच के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, पानी में जल्दी खराब हो जाते हैं।

शोधकर्ताओं ने इन नैनोक्रिस्टल्स को सिलिका और पॉलिमर की कोटिंग से सुरक्षित किया, जिससे उनकी स्थिरता और चमक पानी में बढ़ गई। ये नैनोक्रिस्टल्स लंबे समय तक काम कर सकते हैं और विशेष तरंगदैर्ध्य की रोशनी में चमकते हुए हानिकारक पारे का सटीक पता लगा सकते हैं।

# सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा



## > नौ भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली.**

सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसे में नौ भारतीयों की मौत हो गई है। जेद्दा में भारतीय मिशन ने इस बारे में जानकारी दी है। मिशन ने बताया कि यह हादसा पश्चिमी सऊदी अरब में जीजान के पास हुआ। मिशन ने बताया कि वह हादसे में मृत हुए लोगों के परिवारों के संपर्क में है। इसके अलावा, वह सऊदी के अधिकारियों के संपर्क में हैं और वे अपना समर्थन दे रहे हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि हम सऊदी अरब साम्राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में जिज़ान के पास एक सड़क दुर्घटना में 9 भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना है। जेद्दा में भारत का महावाणिज्य दूतावास पूर्ण सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों और परिवारों के संपर्क में है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है, जहां हादसे को लेकर मृतकों और घायलों के परिजन संपर्क कर सकते हैं।

# पश्चिमी अधिकारियों ने यूक्रेन को दी चेतावनी

## > सरकार से स्थिति ठीक करने की अपील की

**यूक्रेन.**



पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने यूक्रेन को चेतावनी दी कि रक्षा मंत्री और खरीद प्रमुख के बीच बढ़ती दरार देश में विश्वास को खतरे में डाल सकती है। उन्होंने यूक्रेनी सरकार ने इस स्थिति को जल्द से जल्द ठीक करने का आग्रह किया, जिससे हथियारों की आपूर्ति बाधित न हो। यह संघर्ष पिछले हफ्ते शुरू हुआ। दरअसल, रक्षा खरीद एजेंसी बोर्ड ने सर्वसम्मति से निदेशक मैरीना बेज्रुकोवा के अनुबंध को एक और साल बढ़ाने के लिए मतदान किया। हालांकि, रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने इस फैसले को खारिज कर दिया और उनके कॉन्ट्रैक्ट को रिन्यू करने से इनकार कर दिया। उन्होंने मैरीना बेज्रुकोवा के खराब प्रदर्शन और सैनिकों को हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने में विफल होने का आरोप लगाया।

रक्षा मंत्री के इस फैसले पर सांसदों ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री का यह कदम कानूनी नहीं था, क्योंकि बेज्रुकोवा का अनुबंध जनवरी में एजेंसी द्वारा बढ़ा दिया गया था।

यूक्रेनी कानून के तहत रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव का यह निर्णय अवैध है। यह दरार तब आई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए प्रशासन के तहत यूक्रेन के लिए अमेरिका का समर्थन सवालों के घेरे में आ गया। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान जारी करते हुए सात देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले राजदूत ने यूक्रेनी सरकार से इस समस्या को हल करने का अनुरोध किया।

# ऑस्ट्रेलियाई धार्मिक समूह के 14 सदस्य दोषी करार

**ऑस्ट्रेलिया.**



क्वींसलैंड में एक 8 साल की लड़की की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जहां तीन साल के बाद इस बात की पुष्टि हो गई है कि मधुमेह पीड़ित लड़की एलिजाबेथ रोज स्टुह्स की मौत मधुमेह (टाइप-1) के लिए निर्धारित इंसुलिन के इंजेक्शन नहीं देने के कारण हुई थी। चौकाने वाली बात ये है कि इस हत्या के आरोप में लड़की के माता-पिता और भाई समेत उनके धार्मिक समुदाय के 12 अन्य सदस्य दोषी पाए गए हैं।

ये घटना 7 जनवरी 2022 की है, जब लड़की एलिजाबेथ रोज स्टुह्स की मौत मधुमेह (टाइप-1) के लिए निर्धारित इंसुलिन के इंजेक्शन नहीं देने के कारण हो गई। मामले में लड़की के पिता जेसन रिचर्ड स्टुह्स और समुदाय के नेता ब्रेंडन ल्यूक स्टीवंस दोनों को हत्या के दोषी पाया गया। इसके अलावा लड़की की मां केरी एलिज़ाबेथ स्टुह्स और भाई ज़ैचरी एलन स्टुह्स समेत अन्य 12 सदस्य भी दोषी ठहराए गए हैं। क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट ने सभी 14 आरोपियों को हत्या का दोषी माना है।

# भारत में 55 प्रतिशत ट्रक ड्राइवरों की दृष्टि कमजोर

**नई दिल्ली.**

आईआईटी दिल्ली की एक रिपोर्ट में यह सामने आया है कि भारत में करीब 55.1 प्रतिशत ट्रक ड्राइवरों की दृष्टि कमजोर है, जबकि 53.3 प्रतिशत को दूर की दृष्टि में सुधार की आवश्यकता है। 46.7 प्रतिशत को निकट की दृष्टि के उपचार की आवश्यकता है। इतना ही नहीं, करीब 44.3 प्रतिशत ड्राइवरों में बाडी मास इंडेक्स (बीएमआइ) सीमा रेखा या उससे ऊपर है। 57.4 प्रतिशत में ब्लड प्रेशर का स्तर बढ़ा हुआ है और 18.4 प्रतिशत में डायबिटीज बढ़ी दिखी है।

आईआईटी दिल्ली ने फोरसाइट फाउंडेशन के सहयोग से उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में कुल 50 हजार ट्रक ड्राइवरों की स्क्रीनिंग की। रिपोर्ट के अनुसार, करीब 33.9 प्रतिशत ड्राइवरों ने मध्यम तनाव की सूचना दी, जबकि 2.9 प्रतिशत में तनाव का स्तर उच्च पाया गया, जिससे मानसिक स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता पर बल मिलता है। ट्रक भारत के लॉजिस्टिक क्षेत्र की रीढ़ हैं, जो देश भर के क्षेत्रों को जोड़ते हैं। भारत में ट्रक ड्राइवरों को कई चुनौतियों और कठिन जीवनशैली का सामना करना पड़ता है। मुख्य मुद्दों में लंबे समय तक काम करना, अनियमित शिफ्ट, परिवार से लंबे समय तक दूर रहना और विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं शामिल हैं।

# उत्तर भारत में फिर बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली.**



दिल्ली एनसीआर में ठंड का प्रभाव पहले से बहुत कम हो गया है। पिछले दो-तीन दिनों से ठंड का एहसास बहुत कम हो गया है, सुबह के वक्त हल्की-हल्की धुंध छाई रहती है। आज भी तेज धूप निकलने के आसार हैं। बात करें देश के अन्य राज्यों की तो मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली को छोड़ कश्मीर, राजस्थान और पंजाब समेत उत्तर भारत में अभी भी ठंड का प्रकोप जारी है। कई जगहों पर सुबह के वक्त धुंध की चादर बिछी रहती है। बताया जा रहा है, 1 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के कारण कुछ राज्यों में बारिश की संभावना है।

इनमें दिल्ली का भी नाम सामने आया है। राजस्थान में शीतलहर का प्रकोप जारी है, करौली, माउंट आबू, सीकर और नागौर समेत अन्य स्थानों पर भी तापमान काफी नीचे है। फिलहाल राज्य में मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं बात करें यूपी की तो उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में 31 जनवरी तक रात/सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।



# कर्नाटक में फैक्ट्री का बॉयलर फटा

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के तुमकुरु स्थित अंतरासनहल्ली औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री के बॉयलर में मंगलवार को विस्फोट हो गया। इसमें दो श्रमिकों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के चंदन शर्मा और संतोष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, विस्फोट शाम करीब साढ़े पांच बजे हुआ। चावल की भूसी के तेल की फैक्ट्री में बायलर में विस्फोट हो गया, जिससे श्रमिक ऊंचाई से नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अजान की आवाज सुन राहुल गांधी ने रोका भाषण

## > केजरीवाल पर धोखा देने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली.**




दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटपड़गंज में रैली की। उन्होंने बीजेपी और आप पर निशाना साधा। मोहब्बत की बात की और नफरत को नकारा। केजरीवाल के पुराने वादों और मौजूदा हालात पर सवाल उठाए। शराब घोटाले का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने पटपड़गंज रैली में खुलकर बीजेपी और आप पर हमला बोला। उन्होंने कहा, 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। हम नफरत का हिंदुस्तान नहीं चाहते हैं। हमें मोहब्बत की दुकान चाहिए।'

उन्होंने बीजेपी और आरएसएस पर भाईचारा बिगाड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोग भाई को भाई से लड़ाते हैं। साथ ही उन्होंने अडानी के मुद्दे पर बीजेपी और पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। अपने संबोधन के दौरान अजान की आवाज सुनाई देने पर राहुल गांधी ने थोड़ी देर के लिए अपना भाषण रोक दिया।

राहुल गांधी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने केजरीवाल के शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने नई राजनीति का वादा किया था। छोटी कार से चलते थे। बिजली के खंभे पर भी चढ़ गए थे। लेकिन अब सब बदल गया है।' राहुल गांधी ने कहा, 'जब सियासत में आए थे तो छोटी सी गाड़ी थी, कहा था नई तरीके की राजनीति करूंगा और दिल्ली को बदल दूंगा। एक बार बिजली के पोल पर चढ़ गए थे।

### सबसे बड़ा शराब घोटाला दिल्ली में हुआ : राहुल

साफ राजनीति का दावा करते थे और सबसे बड़ा शराब घोटाला दिल्ली में हुआ है।' राहुल ने केजरीवाल के आलीशान जीवनशैली पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, 'केजरीवाल शीशमहल में रहते हैं, ये सच्चाई है।' अंत में उन्होंने कहा कि 'हमारी लड़ाई संविधान की है।' इस रैली के जरिए कांग्रेस ने दिल्ली चुनाव में अपनी मजबूत स्थिति बनाने की कोशिश की है।

# बोडोलैंड के हवाई अड्डे पर नहीं उतर पा रहे विमान

## > 60 दिन में 30 फ्लाइट्स रद्द

**दिसपुर.**



असम के बोडोलैंड में कोकराझार जिला, जहाँ लंबे समय तक सशस्त्र विद्रोहियों द्वारा रक्तपात किए जाने की खबरें सुनाई पड़ती थी, अब वहाँ शांति और विकास ने रफ़्तार पकड़ ली है। देश दुनिया, बोडोलैंड के कोकराझार को जानें, उसे देखे, इसके लिए कई सारी योजनाएं शुरू की गई हैं। जंगल सफारी, पर्यटन, खेल कूद, रीवर राफ्टिंग व पैरा ग्लाइडिंग, इनके लिए लोग यहां पर आएं,

इस मकसद को ध्यान में रखकर परबतझोरा में रूपसी हवाई अड्डा तैयार किया गया था। एक साल बाद यहाँ हवाई सेवा प्रारंभ करने की बात कही गई। साठ दिन में ही तीस फ्लाइट रद्द कर दी गई। कारण बताया गया कि कोकराझार हवाई अड्डे पर लाइट पर्याप्त नहीं है। कभी कहा गया कि इंजीनियरिंग फाल्ट के चलते उड़ान नहीं भरी जा सकती। कभी मौसम ठीक नहीं होने की बात कही गई।

कोकराझार के लोकसभा सांसद जोयंता बसुमतारी (यूपीपीएल) ने केंद्र सरकार के समक्ष इस हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन प्रारंभ करने का मामला उठाया था। इसके बाद कहा गया कि अक्टूबर 2024 से यहाँ पर हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। सांसद जोयंता बसुमतारी ने बताया, लिहाजा ये एयरपोर्ट लगभग एक साल से बंद पड़ा था तो अब इसके संचालन को लेकर बोडोलैंड के लोगों में यह उम्मीद जगी थी कि अब यहाँ विकास के नए अवसर पैदा होंगे। अगर नियमित तौर पर उड़ानों का संचालन होता है तो बोडोलैंड में निवेश की संभावना बढ़ जाएगी। प्रारंभ में रूपसी से गुवाहाटी और कोलकाता के लिए एलायंस एयर नामक विमान द्वारा अपनी सेवाएं शुरू करने की बात कही गई थी।